हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 30 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 40.8 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री



लोकसभा चुनाव का दो चरण पूरा हो गया है। 7 मई को अंतिम चरण के मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न कराने अर्ध सैनिक बल शहर आने लगे हैं।



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

# मिल सकती है हैदराबाद की फ्लाइट, सहूलियत में होगा इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर से कोलकाता और दिल्ली की डायरेक्ट फ्लाइट के बाद जल्द ही हैदराबाद के लिए भी फ्लाइट मिल सकती है, दरअसल अलायंस एयर ने दिल्ली से हैदराबाद की डायरेक्ट फ्लाइट बंद कर दी है, ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि दिल्ली से आने वाली फ्लाइट को वाया बिलासपुर से हैदराबाद चलाया जा सकता है, हालांकि अलायंस एयर ने अब तक कोई अधिकारिक घोषणा नहीं की है।

बिलासपुर से कोलकाता और दिल्ली की डायरेक्ट फ्लाइट शुरू हुए एक माह का समय बीत चुका है। इस बीच सैकड़ों




यात्रियों ने दोनों ही महानगरों की यात्रा की है, लेकिन इस दौरान अलायंस एयर के व्यवस्थाओं की पोल भी खुली है। वहीं बिलासपुर के लोग हैदराबाद और चैन्नई के लिए फ्लाइट की मांग कर रहे हैं, जिसके पूरा होने के कयास भी नजर आने लगे हैं। दरअसल अलायंस एयर ने बिलासपुर से प्रयागराज और जबलपुर की फ्लाइट बंद कर दी है, वहीं दोनों रूट पर फ्लाइट बंद होने से बिलासपुर के लोगों में खासी नाराजगी भी है। ऐसे में अलायंस एयर हैदराबाद के लिए डायरेक्ट फ्लाइट की सुविधा दे सकती है, बताया जा रहा है कि दिल्ली और हैदराबाद के बीच चलने वाली फ्लाइट को अलायंस एयर ने होल्ड कर दिया है। वहीं इस फ्लाइट को वाया बिलासपुर चलाया जा सकता है, जिससे यात्रियों की संख्या भी बढ़ेगी और हवाई यात्रियों को नई रूट में उड़ान की सौगात मिल सकेगी। सूत्रों के अनुसार कंपनी जल्द ही इस बारे में निर्णय भी ले सकती है।

### यात्रियों की मांग, फिर भी बंद कर दी फ्लाइट

ट्रेनों की लेटलतीफी और रेलवे की मनमानी के बाद फ्लाइट में यात्रा का चलन बढ़ रहा है, ऐसे में जबलपुर और प्रयागराज के लिए लगातार यात्री भी अलायंस एयर को मिलते रहे हैं, लेकिन इसके बाजवूद अलायंस एयर ने जबलपुर और प्रयागराज की फ्लाइट बंद कर दी है। बताया जा रहा है कि कंपनी के पास 72 सीटर फ्लाइट की कमी है, जिसके चलते इन दोनों रूट की फ्लाइट को बंद कर दिया गया है, हालांकि इस संबंध में भी कंपनी ने अब तक कुछ भी नहीं कहा है।

## खबर संक्षेप

### आज आएंगे अरविंद नेताम, रैली भी होगी



**बिलासपुर।** बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के हमर राज पार्टी के प्रत्याशी सुदीप श्रीवास्तव के समर्थन में पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमर राज पार्टी के संयोजक अरविंद नेताम 30 अप्रैल को बिलासपुर आएंगे। उनके साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर रामकरण, प्रदेश अध्यक्ष बी एस रावते, राष्ट्रीय महासचिव विनोद नागवंशी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महेश रावते, प्रदेश प्रभारी जीवाखान मराई मौजूद रहेंगे। इस दौरान बिलासपुर, बिल्हा, मस्तूरी, कोटा, तखतपुर, बेलतरा, मुंगेली, लोरमी के समस्त हमर राज पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के द्वारा बाइक रैली निकाली जाएगी। रैली सुबह 11:30 बजे महाराणा प्रताप चौक से निकलेगी और अग्रसेन चौक, गांधी चौक, गोल बाजार होते हुए प्रेस क्लब पहुंचेगी। इसके बाद गोंडवाना भवन सरकंडा में बैठक लेकर के समस्त हमर राज पार्टी के सम्मानित साथियों को प्रभार सौंपा जाएगा।

### कचरे का उठाव नहीं सड़कों पर गंदगी

**बिलासपुर।** आम तौर पर निगम की गाड़ी शहरीय क्षेत्र के प्रत्येक घरों से कचरा उठा रही है। लेकिन चौक चौराहों पर फैली गंदगी साफ करने निगम की गाड़ी नहीं पहुंच रही है। मसानगंज, सरजू बगीचा, कश्यप कालोनी, जूना बिलासपुर और अन्य क्षेत्रों में सड़कों पर कचरा पसरा हुआ है लेकिन निगम के कर्मचारी ड्यूटी से नदारद है।

### बिजली अधिकारियों ने कई बार लिखा पत्र

# आंधी चलते ही आफत बन जाते हैं होर्डिंग और बैनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के मुख्य चौक चौराहों में लगे 40 से 50 फीट चौड़े होर्डिंग और बैनर लोगों के लिए आफत साबित हो रहे हैं, तेज हवा के चपेट में आने के बाद इन होर्डिंग में लगे फ्लैक्स बिजली तारों से उलझ जाते हैं, जिसके चलते घंटों बिजली बंद रहती है। वहीं इस समस्या को लेकर बिजली विभाग द्वारा नगर निगम को कई बार पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन इन अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

पिछले कई दिनों से मौसम में उतार चढ़ाव जारी है, ऐसे में तेज हवाओं के झोंके अंधड़ में बदल शहर की बिजली व्यवस्था को चौपट कर रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी 60 फीट ऊंचाई में लगे होर्डिंग्स और बैनर से हो रही है। दरअसल अंधड़ के दिनों में इन बैनरों पर लगे फ्लैस ट्रांसफार्मर और बिजली तारों पर गिर रहे हैं। इस दौरान शार्ट सर्किट होने के कारण बिजली सप्लाई बंद हो जाती है, चुंकि तारों की उंचाई अधिक होती है, ऐसे में इन उलझे फ्लैस को निकालने में बिजली विभाग को ऐड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ता है, कई बार निगम की गाड़ी की भी मदद लेनी पड़ती है। इस दौरान बिजली उपभोक्ताओं को कई घंटों तक अंधेरे में गुजारना पड़ता है, जिसका ठीकरा बिजली विभाग पर फोड़ा जाता है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा ऐसे में बैनर और होर्डिंग्स के रखरखाव और बिजली सप्लाई में व्यवधान डालने को लेकर शिकायती पत्र नगर निगम के अधिकारियों को लिखा जाता है, लेकिन इसके बावजूद शहर के ज्यादातर चौक चौराहों में अभी भी फटे पोस्टर और होर्डिंग्स बिजली विभाग को चिढ़ा रहे है। अधिकारियों का कहना है कि आगामी दिनों में बारिश शुरू होने वाली है ऐसे में इन होर्डिंग्स और बैनर के चलते एक बार फिर बिजली बंद की समस्या से जुझना होगा।



होर्डिंग्स में लगे पोस्टर फट जाने के बाद भी इसे नहीं उतारा जाता है।

### ज्यादातर अवैध होर्डिंग्स, राजस्व की हानि

जिले में 800 से अधिक होर्डिंग्स और बैनर लगाए गए हैं, इसे लगाने से पहले निर्धारित शुल्क के साथ निगम में आवेदन देना अनिवार्य है, लेकिन कंपनी और एजेंसी संचालकों के द्वारा अवैध तरीके से होर्डिंग्स लगाई जाती है। नगर निगम के द्वारा अमले की कमी होने का बहाना बना इस अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाई नहीं की जाती है, जिसके चलते बेरोकटोक जिले में होर्डिंग्स और बैनर लगाने का धंधा चमक रहा है। इससे एक ओर बिजली की सप्लाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, वहीं निगम को राजस्व की हानि हो रही है।

### निगम को लिखा गया है पत्र

होर्डिंग्स लगाने की परमिशन निगम द्वारा दी जाती है, लेकिन फटे बैनर हटाए नहीं जाते हैं, जिसके चलते ये उड़कर बिजली के तार और खंबों पर लटकते हैं। बारिश और हवाओं के करण इससे शार्ट सर्किट होता है और बिजली की सप्लाई बाधित हो जाती है। हमारे द्वारा कई बार पत्र लिखा गया है, लेकिन ना जवाब आता है और ना ही होर्डिंग्स लगाने वाली एजेंसियों पर कार्रवाई होती है।

\- पीवीएस राजकुमार, ईई, तोरवा डिवीजन

# मोदी ने बढ़ाया देश का मान : साय

### बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के रोहराकला में आमसभा को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/मुंगेली




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा की सभी सीटों पर अनुकूल स्थिति है और भाजपा सभी में जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कांग्रेस हार रही है, इसलिए बौखलाई हुई है, इसलिए उल्टे सीधे बयानबाजी कर रहे हैं। आने वाले दिनों में उन्हें जनता सबक सिखाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय सोमवार को बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के रोहराकला में आमसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 140 करोड़ देशवासियों के लिए 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है। श्री साय ने कहा दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता पर अभद्र टिप्पणी करने का कांग्रेसियों को कोई हक नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी ने गरीबों को आवास, गैस-सिलेंडर, जनधन बैंक खाता और शौचालय देने का काम किया। उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल में बड़े-बड़े वादों को पूरा किया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण करवाया, कश्मीर से धारा 370 को शांतिपूर्वक हटाया, ट्रिपल तलाक जैसे जटिल कानून को हटाकर मुस्लिम माताओं-बहनों के साथ न्याय किया। भगवान राम छत्तीसगढ़ के भांचा हैं, वर्षों तक प्रभु श्रीराम टेंट में थे, हमारे भांचा राम, अब भव्य मंदिर में स्थापित हो गए हैं। मोदी जी ने ये काम किया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री, दुनिया के सर्वाधिक लोक्रपिय नेता मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। जिन्होंने अपने दस वर्षों के कार्यकाल में समूचे भारत का मान बढ़ाया है। गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबकी सेवा की, सबको समृद्ध बनाया। आज भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए हमें पुनः उनको प्रधानमंत्री बनाना होगा, ये आशीर्वाद मैं आप सभी से मांगने आया हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में भगदड़ मची है। रोज हजार से ज्यादा कांग्रेसी पार्टी छोड़ कर जा रहे हैं। क्योंकि कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का बिल्कुल भी सम्मान नहीं हैं, वहां परिवारवाद है, भ्रष्टाचार है।

### साय सरकार सुशासन सरकार है : कौशिक

श्री कौशिक ने सभा में सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज 4 महीने कुछ दिन में राज्य सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किए हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति उन्होंने दी। 12 लाख किसानों का 2 साल का बकाया बोनस दिया। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपा और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदकर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी। श्री कौशिक ने कहा कि न केवल समर्थन मूल्य के अंतर की राशि एकमुश्त उनकी सरकार ने किसानों के खाते में ट्रान्सफर किये वरन महिला शक्ति के लिए लागू उनकी योजना महतारी वंदन योजना के दूसरे महीने की राशि भी उनके खातों में ट्रान्सफर कर दी है। हर महीने के पहले सप्ताह को किश्त की राशि दे दी जाएगी। इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल, पुन्नूलाल मोहले, लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू, विधायक धरमजीत सिंह, डॉ सिया राम साहू, पूर्व सांसद लखन लाल साहू,श्रीमती हर्षिता पांडेय, रामदेव कुमावात, शैलेश पाठक, मंडल अध्यक्ष सहित जिला बिलासपुर व मुंगेली के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## हरिभूमि inh 24x7 (बढ़ते भारत की आवाज़) एवं BNI बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला 2024 द्वारा आयोजित

## रंगोली सजाओ प्रतियोगिता

### के विजयी प्रतिभागियों की सूची

**Group-A 5 से 15 वर्ष**

प्रथम पुरस्कार - दिक्षा सोनवानी, राजकिशोर नगर
द्वितीय पुरस्कार - यज्ञसेनी पटेल, राजकिशोरनगर
तृतीय पुरस्कार - निरिक्षा मिश्रा, अशोकनगर
विशेष पुरस्कार : 1. ईश्वरी यादव, राजकिशोर नगर
2. पलक देवांगन, चिंगराजपारा 3. रत्ना साहू, सरकण्डा
4. पायल यादव, सरकण्डा 5. वैदिका गुप्ता, सरकण्डा
6. सुनीता यादव, चिंगराजपारा 7. पूजा देवांगन, लिगिंयाडीह

सांत्वना पुरस्कार 5 से 15 वर्ष : 1.पूर्णिमा कैंवट 2.अंशिका तिवारी 3. आशु तिवारी 4. लक्ष्मी मौर्य 5. आयुषी यादव 6.वर्शा मोहलिक 7.सृष्टि लाउत्रे 8.समृद्वि पाण्डेय 9. चंचल आदित्य 10. निधि देवांगन 11.खुशी वर्मा 12.अनन्या शर्मा 13.जानवी वर्मा 14.खुशबू वर्मा 15.वंशिका तिवारी 16.दामिनी यादव 17.आस्था बरगाह 18. साक्षी साहू 19.यामिनी साहू 20.मुस्कान साहू 21. अंशिका क्षत्रिय 22. अंजनी पाल 23.मेघा कौशल 24. शिवानी साहू 25. प्रतिभा साहू 26.रीना गोड़ 27. आदिती 28. दीपाली 29.लीना साहू 30. प्रिंसी 31. सिमरन साहू 32. प्राची देवांगन 33. मीठी चौबे 34.ऋचा साहू 35. लवन्या जेठ्वानी 36. स्वाती देवांगन 37. आराध्या वर्मा 38.प्रियल देवांगन 39. दीक्षा पाण्डेय 40.भूमिका प्रजापति 41.दिव्या यादव 42.अनुष्का कैंवट 43.उज्जवला शर्मा 44.जीनत खान 45.वीना मरावी 46. आंचल साहू 47.रीमा सूर्यवंशी 48.नीतू साहू 49.अंजिका अग्रवाल 50.मधु श्रीवास 51.अंकिता साहू 52.लक्ष्मी साहू 53.वंशिका राजपूत 54.सौम्या साहू 55. महिमा देवांगन 56.आरूषी दुबे 57.दीक्षा राठौर 58. रिशिका राठौर 59. कृतिका विश्वकर्मा

**Group-B 16 से 25 वर्ष**

प्रथम पुरस्कार - हीना निर्मलकर, जे.पी.वर्मा कालेज
द्वितीय पुरस्कार - पूजा पटेल, सरकण्डा
तृतीय पुरस्कार - 1. ज्योति महिलांगे 2. कांक्षी टेकाम

**Group-C 26 से ऊपर**

प्रथम पुरस्कार - दामिनी कश्यप
द्वितीय पुरस्कार - निशा मिश्रा, अशोकनगर
तृतीय पुरस्कार - शुंभागी पाण्डेय, उस्लापुर
विशेष पुरस्कार 1. अल्का देवांगन, अशोकविहार
2. नंदिनी जांगड़े, अज्ञेयनगर 3. ज्योति शर्मा, जोरापारा

सांत्वना पुरस्कार 16 से 25 वर्ष : 1. दीशा कुद्रापे 2. दिशा सिंह राज 3. अवंतिका मरावी 4. अंकिता परते 5. दीपांजली कैवर्त्य 6. पायल सकात 7.रोशनी जायसवाल 8. वर्षा पाण्डेय 9. ऋतु पाण्डेय 10.मौसम पाण्डेय 11.लक्ष्मी पाण्डेय 12.खुशी देवांगन 13.रिशा साहू 14.सोनाक्षी सिंह 15.आरती विष्वकर्मा 16.आस्था तिवारी 17.साक्षी विश्वकर्मा 18.लक्की शर्मा 19. पायल सोनवानी 20.प्रियंका सूर्यवंशी 21. जूली मण्डल 22. श्रेया विश्वकर्मा 23. खुशबू सोनी

सांत्वना पुरस्कार 26 से ऊपर : 1.रोशनी वर्मा 2.संध्या अग्रवाल 3. अर्चना विश्वकर्मा 4. शोभा केशरवानी 5. बंसती केशरवानी

## मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता

### के विजयी प्रतिभागियों की सूची

**Group-A 5 से 15 वर्ष**

प्रथम पुरस्कार
अतिफा परवीन, राजकिशोरनगर
द्वितीय पुरस्कार
वंदना यादव, बर्जेश स्कूल
विशेष पुरस्कार
1. कुमकुम सोनी, सरकण्डा
2. बानी विश्वकर्मा, खपरगंज 3. लक्की शर्मा
4. प्रिंशी ठाकुर 5. भूमि साहू , चिंगराजपारा
6. जिया देवांगन, अशोकनगर
7. यामिनी कश्यप, बर्जेश स्कूल 8. श्रुति यादव

**Group-B 16 से 25 वर्ष**

प्रथम पुरस्कार
विनिता प्रसाद, लालखदान
द्वितीय पुरस्कार
आयुषी देवांगन, लिगियाडीह
विशेष पुरस्कार 1. दामिनी तिवारी
2.मौसमी राय 3.शिखा यादव
4.मासूमा रजक 5.अंकिता परते
6.करूणा बघेल 7.सरिता खैरवार
8.मुस्कान परवीन 9.आकांक्षा साहू
10.शालिनी कैंवट 11.किरण सूर्यवंशी
12.निकिता प्रजापति 13.ममता रात्रे 14.अंजली राव

**Group-C 26 से ऊपर**

प्रथम पुरस्कार
नंदिनी जांगड़े, अज्ञेयनगर
द्वितीय पुरस्कार
शिवानी चौहान, बसंत विहार
तृतीय पुरस्कार
1. दीपिका जायसवाल
2.दामिनी कश्यप, चिंगराजपारा
विशेष पुरस्कार
1.वंदना कौशिक
2.निकिता जयसिंग

सांत्वना पुरस्कार 5 से 15 वर्ष : 1. नीतू साहू 2. अंकिता जायसवाल 3.नीतू गुप्ता 4.पूनम कैंवट 5.तान्या ठाकुर 6.स्नेहा यादव 7.भावना साहू 8. वंदिता सिंह 9.आंकाक्षा सिदार 10. प्रतिभा ध्रुव 11. भूमिका श्रीवास 12.आस्था बुनकर 13.तनुश्री साहू 14.आयुषी साहू 15. पृशा गुप्ता 16.अंकिता साहू 17. सिद्वि तंबोली 18.प्रिया यादव 19.शकिना खान 20.लयका अली 21.राधा 22.अवनी 23.हेमलता कैंवट 24.तृशा घोष 25.अवन्या गुप्ता 26. भूमि 27.दीक्षा राठौर 28. सिद्वि विश्वकर्मा 29.तनेज साहू 30.प्रिया पटेल 31.भावी कैंवट 32.तुषिका साहू 33.माही सोनी 34. अंरिज रजक 35. रत्ना साहू 36. दिव्या साहू

सांत्वना पुरस्कार 16 से 25 वर्ष : 1. रिया सूर्यवंशी 2.रेशमी पटेल 3. विजयलक्ष्मी जागड़े 4. त्रियांमबिका ध्रुव 5. रूखमणी साहू 6.चंचल 7. ज्योत्सना सिद्वार्थ 8. हर्षिता यादव 9. आंचल ताम्रकार 10. स्नेहा ठाकुर 11.शुषमा देवांगन 12.किरण गुप्ता 13.चित्ररेखा कैवर्त्य 14.राधा वर्मा 15.पूर्णिमा साहू 16.खुशी देवांगन 17. अवनी विश्वकर्मा 18. हिना निर्मलकर 19. रिया विश्वकर्मा 20.लक्ष्मी साहू 21. माया विष्वकर्मा 22.रिया साहू 23.नंदिनी 24.वीना गंधर्व 25.पूनम यादव 26.सृष्टि गुप्ता 27.प्राची विश्वकर्मा 28.तनु 29. सबा खान 30.यामिनी साहू 31.लक्की सिंग 32.दिपांशी 33.दीप्ती

सांत्वना पुरस्कार 26 से ऊपर : 1.निशा मिश्रा 2. खुशबू सिंह ठाकुर 3.पूजा सिंग 4. रोशनी विश्वकर्मा

**मेंहदी लगाओ , रंगोली सजाओ प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को परिचय पत्र की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है।**
**पुरस्कार वितरण की जानकारी जल्द ही प्रकाशित की जाएगी।**

## खबर संक्षेप

### मतदान के लिए तैयार की जा रही ईवीएम, लगाए जा रहे बैलेट पेपर



**बिलासपुर।** जिले में 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियां जोरों से चल रही है। इसके लिए कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में 29 अप्रैल से ईवीएम मशीनों को मतदान के लिए तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने विधानसभावार कक्षों का निरीक्षण कर कमीशनिंग का जायजा लिया। उन्होंने कमीशनिंग के कार्य में पूरी सावधानी बरतने के निर्देश दिए। कमीशनिंग प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अभय ए महाजन, प्रत्याशी एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई। इन मशीनों की कमीशनिंग प्रक्रिया तीन से चार दिन तक चलेगी। सेक्टर अफसरों को कमीशनिंग दल का प्रभारी बनाया गया है उनके साथ दो सहायकों की भी ड्यूटी कमीशनिंग कार्य के लिए लगाई गई है। कमीशनिंग के दौरान सभी मतदान केंद्रों में जाने वाली बीयू में बैलेट पेपर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई। कमीशनिंग के दौरान सीयू में पिंक पेपर सील लगाई गई। कैंडिडेट सेट करते समय सीयू, बीयू और वीवीपेट को एक साथ जोड़ा गया। कैंडिडेट सेट नोटा बटन दबाकर किया जाता है। मॉक पोल कर सत्यता की जांच की गई। सीलिंग प्रक्रिया में सीयू के स्विच को ऑफ रखा गया। वीवीपैट में थर्मल पेपर रोल लगाया गया। बैटरी इंस्टॉल करके वीवीपैट में सिंबल लोडिंग जिग मशीन की सहायता से ईसीआईएल के इंजीनियर द्वारा की गई।

### दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी संघ ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ दिव्यांग शासकीय अधिकारी-कर्मचारी संघ जिला इकाई बिलासपुर के तत्वावधान में आगामी 7 मई को लोकसभा चुनाव पूर्णतः सफल बनाने एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कोन्हेर गार्डन बिलासपुर में सभा व जागरूकता गीत-संगीत का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई जो कोन्हेर गार्डन से निकलकर सदर बाजार, तेलीपारा, पुराना बस स्टैंड, अग्रसेन चौक, सत्यम चौक होते हुए नेहरू चौक पहुंचकर समाप्त हुई। इस मौके पर संघ के प्रदेश संयोजक मनोज कुमार, परदेशी पटेल, राजेश कुमार अनंत, भगवान खूंटे, मनोज कश्यप, महर पात्रे, हरिहर सिंह राजपूत, ईश्वर लाल सोनी, उमाशंकर बंजारे, देवेन्द्र कुमार, तीजराम बघेल, पीताम्बर आजाद, देवानंद टण्डन, कैवते सुमनराम, मन कैवर्त मदन मोहन, रेखा गुल्ला, अनूप कुमार पांडेय उपस्थित थे।

### गायत्री प्रज्ञापीठ की 30 वीं वर्षगांठ पर सजल श्रद्धा-प्रखर प्रज्ञा की स्थापना

**बिलासपुर।** गायत्री प्रज्ञापीठ सेंदरी की 30 वीं वर्षगांठ पर सजल श्रद्धा-प्रखर प्रज्ञा की स्थापना की गई। इस दौरान बताया गया कि ऋषि युग्म पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा ने महाप्रयाण के पूर्व सजल



श्रद्धा-प्रखर प्रज्ञा की स्थापना कर दी थी। जिसे लोग ऋषि युग्म के समाधि स्थल के रूप में जानते हैं। सेंदरी में सजल श्रद्धा-प्रखर प्रज्ञा की स्थापना के अवसर पर छत्तीसगढ़ जोन संगठन समिति के सदस्य डॉ. हेमंत कौशिक, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी हेमराज वैश्य, डॉ. बी.पी. निषाद, छेदीलाल कश्यप, शंकर लाल पाटनवार, उपजोन सह समन्वयक रामकुमार श्रीवास, द्वारिका पटेल, जिला समन्वयक नंदिनी पाटनवार, राजेंद्र साहू, शीतल पाटनवार ने उद्बोधन दिया कि श्रद्धा अर्थात उत्कृष्टता से असीम प्यार, जिसकी विशेषता सजलता-सरलता है। प्रज्ञा अर्थात दूरदर्शी विवेकशीलता, जिसकी विशेषता प्रखरता है, जो भ्रमों को चीरते हुए यथार्थ तक पहुंचकर उसके उत्कृष्ट उपयोग में सफल होती है। जहां ऋषियों-अवतारियों के प्रभाव से ये दोनों धाराएं सघन-सबल हो जाती है, वहां तीर्थ विकसित व प्रतिष्ठित हो जाती है, जिसे विस्तारित करते हुए शांतिकुंज हरिद्वार के बाद अपने जन जागरण केंद्र गायत्री शक्तिपीठ-प्रज्ञापीठ में स्थापित कराया गया है। इसी उद्देश्य की पूर्ति में गायत्री प्रज्ञापीठ सेंदरी में भी 30वीं वर्षगांठ पर यज्ञ करते हुए गायत्री शक्तिपीठ बिलासपुर के सौजन्य से प्रतिष्ठित किया गया।

## होम वोटिंग: सीनियर सिटीजन व दिव्यांगों ने घर पर मतदान कर लोकतंत्र के लिए निभाई जिम्मेदारी



**बिलासपुर।** सीनियर सिटीजन और दिव्यांगों के लिए घर से मतदान 'होम वोटिंग' शुरू हो गई है। 85 प्लस के मतदाताओं ने वोटिंग में पूरे उत्साह के साथ में बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। 85 प्लस और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के घर सोमवार को वोटिंग कराने टीम पहुंची और मतदान कराया। भारत निर्वाचन आयोग की इस व्यवस्था के अंतर्गत बिलासपुर के बाबजी पार्क कॉलोनी में रहने वाले 87 वर्षीय वीके शास्त्री ने भी डाकमतपत्र के जरिए होम वोटिंग की। चल- फिर पाने में असमर्थ होने की वजह से उन्होंने वोट डाल पाने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई इस सुविधा के चलते वे अपने मताधिकार का उपयोग कर पाए। इसी प्रकार कुदूदंड की 90 वर्षीय शीला डेग्वेकर ने बताया कि मतदान दल के घर पर आने से बिना किसी असुविधा के लोकतंत्र के प्रति मैंने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। 93 वर्षीय कल्पना विहार के श्याम सुंदर वैद्या ने कहा कि होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाने से बहुत राहत मिली है।

### वसूली के लिए महिला कर्मचारी और उसके पति की संपत्ति की जानकारी जुटा रहा बैंक

# 122 किसानों से पौने तीन करोड़ की गड़बड़ी प्राफिट-लॉस मद से 80 किसानों का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला सहकारी बैंक में किसानों की जमा 2 करोड़ 72 लाख रुपए की राशि का वहीं की महिला क्लर्क ने गबन कर लिया था। मामले में क्लर्क को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन रकम की वसूली नहीं हो सकी है। किसानों के लगातार आंदोलन के बाद अब सहकारी बैंक द्वारा 80 किसानों को एक करोड़ 86 लाख रुपए की राशि वापस की गई है, जबकि बाकी मामले जांच में और विचाराधीन है। खास बात है कि रकम का गबन महिला कर्मचारी ने किया और किसानों को पैसे की वापसी बैंक को अपने प्राफिट-लॉस मद से करनी पड़ रही है। हालांकि वसूली के लिए महिला कर्मचारी और उसके पति की संपत्ति की जानकारी सहकारी बैंक जुटा रहा है। इसके लिए एसडीएम और तहसीलदार को पत्र लिखा गया है।

जिला सहकारी बैंक तोरवा मंडी जगमल चौक शाखा में क्लर्क खुशबू शर्मा द्वारा 80 लाख रुपए की गड़बड़ी का मामला नवम्बर 2022 में सामने आया था। बाद में जांच शुरू हुई तो मामला 122 किसानों की रकम गबन तक पहुंच गई है। आंकड़ा भी बढ़कर 2 करोड़ 72 लाख रुपए तक पहुंच गया। इस पूरे पैसे की गड़बड़ी महिला क्लर्क सह कैशियर खुसबू शर्मा ने की थी। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए जिला सहकारी बैंक के सीईओ ने सस्पेंड भी कर दिया था। सहकारी बैंक की ओर से कहा गया था कि शाखा से हटाकर उससे रिकवरी की जा रही है।

### रकम वापसी के लिए भड़के किसानों ने किया आंदोलन शुरू

बैंक में गड़बड़ी की जानकारी मिलते हुए किसान शाखा पहुंचे तो मालूम पड़ा कि उनके खाते की राशि गायब कर दी गई है। भड़के किसानों ने अपनी जमा पैसे वापस दिलाने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है। किसानों ने अनियमितता बरतने वाले और किसानों के खून पैसे की कमाई हजम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और तत्काल पैसे वापस कराए जाने की मांग। हालांकि जांच और वसूली के नाम पर साल भर से अधिक मामले को लटकाया गया। किसानों से ही उनके बैंक के दस्तावेज कई बार मांगे गए। किसानों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों से भी की थी।

### वसूली के लिए जुटा रहे जानकारी

कुल 122 मामले में 2 करोड़ 72 लाख रुपए की गड़बड़ी का मामला सामने आया था। इसमें से 80 किसानों को एक करोड़ 86 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया है। बाकी मामले जांच में हैं। किसानों को पैसे की वापसी बैंक को अपने प्राफिट-लास मद से करनी पड़ रही है। वसूली के लिए महिला कर्मचारी और उसके पति की संपत्ति की जानकारी सहकारी बैंक जुटा रहा है। इसके लिए एसडीएम और तहसीलदार को पत्र लिखा गया है।

– **प्रभात मिश्रा**, सीईओ, सहकारी बैंक


### 7 सदस्यीय कमेटी ने की इन बिंदुओं पर जांच

गड़बड़ी सामने आने के बाद बैंक प्रबंधन ने जांच के लिए सात सदस्यीय कमेटी गठित की। जांच कमेटी ने दो करोड़ से अधिक की गड़बड़ी होने की रिपोर्ट सीईओ को सौंपी। कमेटी ने आठ बिंदुओं पर जानकारी जुटाते हुए किसानों को भुगतान करने का प्रतिवेदन दिया। इसके बाद बैंक ने खाताधारकों से गड़बड़ी की लिखित शिकायत और दस्तावेज ली। पासबुक में दर्ज राशि का जमा पर्ची में मिलान किया गया। संबंधित के पास बुक में रकम का मिलान पूर्व में दर्ज रकम व हस्ताक्षर से मिलान करते हुए दोषी कैशियर की हस्तलिपि का मिलान किया गया। प्राप्त सूची के अनुसार प्रत्येक खाताधारक से हुई अनियमितता का परीक्षण मिलान करते हुए शाखा प्रबंधक से हस्ताक्षर लेने के बाद अब भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा बैंक स्टेटमेंट, व्हाउचर का मिलान व परीक्षण किया गया।

## एजुकेशन प्लस

### होली क्रॉस स्कूल बच्चों की शिक्षा के स्तर को बना रही बेहतर

**बिलासपुर।** शहर के लाल खदान होली क्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों की शिक्षा के स्तर को और आगे बढाया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि यहां नेशनल एजुकेशन पॉलिसी को ध्यान में रखते हुए बच्चों के लिए विभिन्न विषयों की प्रयोगशाला का नवीकरण किया गया है। जिससे बच्चे आकर्षक प्रयोगशाला को देखकर और रुचि लेकर किसी भी कार्य को करने में सुंदरता आकषर्कता का होना अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने बताया कि हमारे नव स्थापित प्रयोगशाला में भौतिक रसायन एवं गणित के विषय में हम खोज अन्वेषण और समाचार की यात्रा करते हैं। यह लेख हमारी अत्याधुनिक सुविधा की दीवारों के भीतर बच्चों का इंतजार कर रह है। चमत्कारों के लिए एक मार्गदर्शन के रूप में कार्य करता है, जहां पर बच्चों की कल्पना की कोई सीमा नहीं होती । हमारी प्रयोगशाला




सहयोग और नवाचार के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करती है। इस प्रकार यहां छात्र-छात्राएं शोधकर्ता एवं संकाय विचार साझा करने ज्ञान का आदान-प्रदान करने और वैज्ञानिक जांच की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ आते हैं। अतः विषय परियोजनाओं और सहयोगात्मक अनुसंधान पहलू के माध्यम से हमारा लक्ष्य आज समाज के सामने आने वाले कुछ गंभीर चुनौतियों का समाधान करना है। जो बच्चों के लिए आवश्यक है।

## बिजनेस प्लस

### चंद्र टीवीएस के लोन व एक्सचेंज महोत्सव का आज अंतिम दिन




**बिलासपुर।** सीएमडी चौक में चल रहे चंद्र टीवीएस के लोन व एक्सचेंज महोत्सव का ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

टीवीएस मोटर कंपनी के अधिकृत विक्रेता चंद्र टीवीएस के संचालक कैलाश तिवारी ने बताया कि टीवीएस लोन एवं एक्सचेंज महोत्सव को ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। सीएमडी चौक में चल रहे इस मेले का आज अंतिम दिन है। इस मेले में अधिकतम 3300 रुपए तक की छूट दी जा रही है। मेले का आकर्षण विभिन्न लाभप्रद योजनाओं के चलते बना हुआ है। मेले में यदि कोई फाइनेस में खरीदी करता है तो उसे 10 लीटर पेट्रोल फ्री दी जा रही है। संचालक ने बताया कि पुरानी गाड़ी एक्सचेंज कर टीवीएस गाड़ी लेने वालों की एक्सचेंज मूल्य के ऊपर 2000 रुपए दिया जा रहा है। ग्राहकों की सुविधा के लिए यहां मात्र 4990 रुपए की डाउन पेमेंट योजना भी लागू है। इसका इसमें अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचकर योजना का लाभ उठा रहे हैं।

### कलेक्टर ने फेसबुक लाइव के जरिए की सीधी बात

## माता-पिता बच्चों पर अपनी अपेक्षाओं का बोझ न डालें

- कैरियर और तनाव प्रबंधन से जुड़े कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए



**बिलासपुर।** बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट के तनाव से विद्यार्थियों को दूर रखने जिला प्रशासन ने अभिनव पहल की गई है। कलेक्टर अवनीश शरण सत्र के पहले दिन सोमवार को छात्रों और पालकों से फेसबुक लाइव के जरिए जुड़े और तनाव प्रबंधन,परीक्षा परिणामों को लेकर उपयोगी टिप्स दिए। कलेक्टर ने पालकों और छात्रों के प्रश्नों के जवाब भी दिए।

कलेक्टर अवनीश शरण ने फेसबुक लाइव पर छात्रों से कहा कि वे परिणामों को लेकर तनाव ग्रस्त न रहें और अपना संबल और आत्मविश्वास बनाए रखें। कोई भी परीक्षा परिणाम जीवन से बड़ा नहीं है। श्री शरण ने अपने दसवीं में आए रिजल्ट का जिक्र करते हुए कहा कि तृतीय श्रेणी में आने के बावजूद वे निराश नहीं हुए और आगे प्रयास जारी रखा, जिसके फलस्वरूप आज वे आईएएस हैं। श्री शरण ने कहा कि आपके शिक्षक और माता-पिता ही आपके लिए प्रेरक हैं जिनसे आप बहुत कुछ सीख सकते हैं। उनके जीवन के संघर्ष से प्रेरणा लें।

### दिए पेरेंटिंग टिप्स

फेसबुक में श्री शरण अभिभावकों से भी रूबरू हुए। उन्होंने अभिभावकों को पेरेंटिंग के टिप्स देते हुए कहा कि कभी भी अपने बच्चों की तुलना किसी और से न करें। उन्हें बिना किसी दबाव के प्रेरित करते रहें और अपनी अपेक्षाओं का बोझ उनपर न डालें, यह घातक हो सकते हैं। ऑनलाइन सत्र में जुड़े अभिभावकों ,शिक्षकों और छात्रों ने श्री शरण से कई सवाल किए जिनके जवाब उन्होंने दिए, ऑनलाइन सत्र के पहले दिन आज लगभग 500 से अधिक लोग फेसबुक लाइव के जरिए जुड़े और कलेक्टर अवनीश शरण के प्रेरक संबोधन को सुना।

### स्कूलों में समर कैंप लगाएं

कलेक्टर ने बच्चों का मनोबल बढ़ाने शिक्षा विभाग को सत्र के दौरान स्कूलों में समर कैंप आयोजित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सत्र के दौरान सोशल मीडिया के बेहतर उपयोग की अपील करते हुए उसके दुष्परिणामों से भी आगाह किया। ऑनलाइन सत्र में जुड़े अभिभावकों ,शिक्षकों और छात्रों ने श्री शरण से कई सवाल किए जिनके जवाब उन्होंने दिए, ऑनलाइन सत्र के पहले दिन आज लगभग 500 से अधिक लोग फेसबुक लाइव के जरिए जुड़े और कलेक्टर अवनीश शरण के प्रेरक संबोधन को सुना।

### सीवीआरयू में आयोजित दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का समापन

## विकसित भारत में विज्ञान व तकनीक का बड़ा योगदान

**बिलासपुर।** डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय में रिसर्च एडवांसमेंट एंड इन्नोवेशन इन कंप्यूटर साइंस एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी <\@> विकसित भारत 2024 विषय पर आयोजित 2 दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का समापन हो गया।



यह आयोजन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित किया गया था जिसमें देशभर के 7 विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार रखें। इसमें देश भर के शोधार्थी और विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शहीद नंद कुमार पटेल विवि के कुलपति ललित प्रकाश पटेरिया ने कहा कि 2047 के विकसित भारत में विज्ञान और तकनीक बड़ा योगदान देने वाले हैं, हमें विज्ञान और तकनीक के अधिक से अधिक सकारात्मक उपयोग पर ध्यान देने की जरूरत है। रमन विवि के कुल सचिव गौरव शुक्ला ने कहा कि विवि ग्रुप 35 साल से विज्ञान, तकनीक और सूचना के क्षेत्र में देश में कार्य कर रहा है। आज हम देश के हर गांव सूचना और तकनीक विज्ञान से जुड़े हैं। निश्चित ही विकसित भारत में हमारा ग्रुप एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर विवि के अकादमिक अधिष्ठाता डॉ अरविंद तिवारी, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के डॉ रोहित राजा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। स्वागत भाषण डा. अभिनव शुक्ला एवं आभार प्रकट डा. आयुष अग्रवाल ने दिया। कार्यक्रम का संचालन डा. ज्योति बाला गुप्ता ने किया।

### पशु पक्षियों के लिए रखा पानी और अनाज

डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय के भाषा विज्ञान विभाग में प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। भीषण गर्मी से पशु पक्षियों की रक्षा के लिए पानी और अनाज की व्यवस्था की गई। विभाग ने सभी विभागों में जाकर पात्र में पानी रखा और अनाज भी पक्षियों के लिए रखे। भाषा विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने सभी विभागों में जाकर यह संदेश भी संवेदनशीलता से दिया कि हमें प्रकृति के अन्य जीवों की रक्षा के लिए भी कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर विभाग के विभाग अध्यक्ष, प्राध्यापक विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

पंचम पुण्यतिथि

जयन्ति ते सुकृतिनो लोकरक्षणतत्पराः। नास्ति येषां यशः काये जरामरणजं भयम् ॥

लोक के कल्याण में जीवन बिताने वाले वे मनस्वी पुरूष अमर है,
जिनके यशः शरीर में वृद्धावस्था तथा मृत्यु का भय नहीं है।

निर्बल के राम...बलराम

जन्म
1 जुलाई 1939



निर्वाण
30 अप्रैल 2019

स्व. बलराम सिंह
पूर्व महापौर एवं पूर्व विधायक तखतपुर
आजीवन अध्यक्ष सिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया देवी ट्रस्ट

भावपूर्ण श्रध्दांजली

आपकी मधुर स्मृतियां हमारा संबल है।
आपके आदर्श, मार्गदर्शन हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे।
आपकी पुण्यतिथि पर हम समस्त परिवारजन भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित करते हैं ।

आपका आशीर्वाद सदा बना रहे...

श्रीमति आशा देवी सिंह
अखिलेश सिंह, आभा सिंह, आशिष सिंह ठाकुर, डॉ. रश्मि आशिष सिंह, आलोक सिंह, माया सिंह, अवधेश सिंह, अनुभा सिंह, डॉ. अखिल सिंह, आदित्य सिंह, स्वेच्छा सिंह, अपर्णा सिंह, डॉ. ऐश्वर्या सिंह, आयुष सिंह, रूशाली सिंह, अंकित सिंह, निमिशा सिंह, अभ्युदय सिंह, दिप्ती सिंह, अभ्युन्नति सिंह, आयुषी सिंह, आर्यादित्य सिंह, अथर्व सिंह, आरूषी सिंह, अनंतजीत सिंह, नायशा सिंह, अरिदमन सिंह, अभिविश्रुत सिंह, नव्या सिंह

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 30 अप्रैल 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




15 सिंधी पंचायतों द्वारा चेट्रीचंड्र पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

## प्रतियोगिता

# क्लीन एंड ग्रीन क्लास स्पर्धा में बीकॉम चतुर्थ बना विजेता



**बिलासपुर।** 18 से 27 अप्रैल तक 10 दिवसीय ''क्लीन एंड ग्रीन क्लास ऑफ द डिपार्टमेंट, डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एण्ड फाइनेंसियल स्टडिज़'' का सोमवार को समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय सभागार में किया गया। निर्णायक मंडल समिति में डॉ. मनोज सिन्हा, डॉ. नेहा शर्मा एवं डॉ. तरूण धर दीवान मुख्य रूप से सम्मिलित थे। उनके द्वारा विभाग के सभी कक्षाओं का निरीक्षण कर पुरस्कार की घोषणा की गई। स्नातक स्तर पर बी.कॉम ऑनर्स चतुर्थ सेमेस्टर को विजेता एवं बी.कॉम ऑनर्स छठवें सेमेस्टर को उपविजेता घोषित किया गया। इसी प्रकार स्नातकोत्तर स्तर पर एमबीए द्वितीय सेमेस्टर को विजेता एवं एम.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर को उपविजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम में विभाग के छात्र-छात्राओं ने अपनी कक्षाओं की साफ-सफाई किये तथा अपनी कक्षाओं को अलग अलग कृतियों से सुसज्जित किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य एडीएन वाजपेयी ने विभाग को 25 हजार रूपये पुरस्कार के रूप में प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. पूजा पाण्डेय, डॉ. सुमोना भट्टाचार्य, डॉ. गौरव साहू, डॉ. सौमित्र तिवारी, रेवा कुलश्रेष्ठ, डॉ. महेन्द्र मेहता, सुषमा तिवारी, डॉ. नेहा कौशिक, सोनाक्षी शर्मा सहित विभाग के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आम से खास बनने का सफर

कोनी क्षेत्र मे स्थित आधारशिला विद्या मंदिर 'न्यू सैनिक स्कूल' की मान्यता प्राप्त करने के बाद अब छात्रों के लिए शिक्षण संस्थान का केवल विकल्प मात्र न बनकर एक बेहतर अवसर के रूप मे सामने आया है। सैनिक स्कूल सख्त अनुशासन और आचरण संहिता के लिए जाने जाते हैं। यह स्कूल छात्रों में मजबूत चरित्र, जिम्मेदारी और नैतिकता का भाव पैदा करते हैं। स्कूल का सुव्यवस्थित वातावरण पढ़ाई के साथ जीवन में काम आने वाले जरूरी कौशलों को विकसित करने में मदद करता है इसलिए ये कहना गलत नहीं होगा कि यह एक बच्चे के आम से खास बनने के सफ़र का पहला पड़ाव है।




# सोचने का नहीं सीखने का भी तरीका बदलें

### एवीएम न्यू सैनिक स्कूल

## छात्रों के लिए विकल्प नहीं एक बेहतर अवसर

डॉयरेक्टर एसके जनास्वामी ने कहा कि आज दुनिया जिस तेजी से बदलाव की ओर जा रहा है, उसमें संतुलन बनाकर जीवन यापन करना मानव प्रजाति के लिए एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने खड़ा है। आज हमें सोचने के साथ ही साथ सीखने के तरीके में भी बदलाव लाने की अत्यंत आवश्यकता है, तभी हम तेजी से विकास की ओर बढ़ पाएंगे। प्रत्येक अभिभावक के मन में एक सवाल आवश्यक उठता है - क्यों चुने अपने बच्चों के लिए एवीएम सैनिक स्कूल जिसके जवाब में सबसे पहला कारण है एवीएम एक सामान्य स्कूल से हटकर अब 'न्यू सैनिक स्कूल' की मान्यता रखता है। जिसका मुख्य उद्देश्य एकेडमिक रूप से मजबूत, सांस्कृतिक रूप से जागरूक, बौद्धिक रूप से निपुण, आत्मविश्वासी, अत्यधिक कुशल, बहुआयामी, देशभक्त आत्मनिर्भर युवा समुदाय का निर्माण करना है, जिसमें नेतृत्व के गुण राष्ट्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करने पर केंद्रित है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चेयरमैन डॉ अजय श्रीवास्तव ने कहा कि सैनिक स्कूल में पढ़ने वाले प्री प्राइमरी अथवा प्राइमरी के छात्रों को शुरु से ही एक अनुशासित माहौल का मिलना बच्चों के व्यवहार में एक अलग व्यक्तित्व को दर्शाता है। सैनिक स्कूलों में पढ़ने वाले छोटी कक्षाओं के छात्रों में शुरू से ही नेतृत्व विकास, फिजिकल फिटनेस, देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की मजबूत भावनाओं को विकसित करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। सैनिक स्कूलों में शारिरीक दक्षता को बहुत महत्व दिया जाता है। छात्र नियमित रूप से खेलकूद और व्यायाम जैसी शारीरिक गतिविधियों में भाग लेते हैं, इससे उनको स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली का विकास होता है। इससे न केवल शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है बल्कि मानसिक रूप से भी फायदा मिलता है।

# वीडियो के माध्यम से दिए गए सामाजिक संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिंधी सेंट्रल पंचायत,युवा विंग,महिला विंग तथा 15 सिंधी वार्ड पंचायतों द्वारा रविवार को झूलेलाल मंगलम तिफरा में चेट्रीचंड्र पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिंधी समाज के इष्ट देव झूलेलाल के जन्मोत्सव को चेट्रीचंड्र महोत्सव के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष भी महोत्सव में झांकी निकली, फैंसी ड्रेस व अन्य कार्यक्रम पर पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें समाज को अच्छा संदेश देती हुई झांकियां प्रस्तुत, की गई जिसमें इस वर्ष भी शोभायात्रा में सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। युवा विंग,महिला विंग तथा 15 वार्ड पंचायतों द्वारा शोभायात्रा में प्रतियोगिता,बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस तथा इंस्टाग्राम वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिनमें सिंधी समाज के सभी आयु वर्ग के लोगों ने भाग लिया और शोभायात्रा की भव्यता बढ़ाई। इन प्रतियोगिताओं में कुछ विजेता, कुछ उपविजेता रहे तथा कुछ को उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए सराहना पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया, एलइडी में समाज को अच्छे संदेश देते हुए जैसे स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं, नशा मुक्त जीवन की महत्वता, मतदान हेतु जागरूकता इत्यादि संदेश तथा सिंधी संस्कृति की जानकारी वीडियो के माध्यम से दिखाई गई। इस मौके पर सिंधी सेंट्रल पंचायत से अर्जुन तीर्थानी, प्रकाश ग्वालानी, डीडी आहूजा, धनराज आहूजा, मनोहर पमनानी, महेश पमनानी, हरीश भागवानी, रूपचंद डोडवानी, उमेश भावनानी,नरेंद्र उभरानी, रमेश लालवानी, ओमप्रकाश जीवनानी, बृजलाल नागदेव, राम लालचंदानी, जगदीश जग्यासी, सुरेश सिदारा, आनंद देशर, कमल बजाज, संतोष बुधवानी, सिंधी सेंट्रल युवा विंग से अजय भीमनानी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### 90 से अधिक हुए पुरस्कृत

चेट्रीचंड्र इस वर्ष 10 अप्रैल को था। इस दिन सिंधी भाषा दिवस भी मनाया जाता है। इसी थीम को लेकर बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गों ने सिंधी भाषा दिवस तथा चेट्रीचंड्र की बधाइयां देते हुए समाज को प्रेरित करने हेतु अच्छे-अच्छे विषयों पर सामाजिक संदेशों से भरपूर वीडियो बनाए थे। सिंधी डांडिया प्रतियोगिता, बच्चों फैंसी ड्रेस तथा इंस्टाग्राम वीडियो प्रतियोगिता के समस्त पुरस्कारों को मिलाकर लगभग 90-100 लोगों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत झूलेलाल साईं की मूर्ति पर दीप प्रज्वलन करके की गई, उसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम भी समाज के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किए गए।



## स्पोर्ट्स न्यूज

# 40 व 60 प्लस के खिलाड़ियों ने फुटबॉल में दिखाया दम



**बिलासपुर।** जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान में दो दिवसीय रात्रि कालीन फुटबॉल प्रतियोगिता 40 प्लस एवं 60 प्लस उम्र श्रेणी में प्रारंभ हुआ। 3 मैच खेले गए, प्रथम मैच 60 प्लस की श्रेणी में रंजन सिंघा ग्रुप एवं के के राव ग्रुप के बीच खेला गया। इस मैच में निर्धारित समय में दोनों ही टीमें गोल करने में नाकाम रही एवं 0-0 के बराबरी पर मैच समाप्त हुआ, मैच का निर्णय टाई ब्रेकर के द्वारा लिया गया जिसमें के.के.राव ग्रुप ने जीत हासिल की। जिसके टीम में राजू एक लूकर, मुन्ना जोल्हे, अनिल केरकेट्टा, अशोक वाथ, रमेश यादव, श्रीनु रेड्डी एवं उपविजेता टीम में रंजन सिंघा, बी.वी.एन कुमार, दादा मियां, डॉ.अजय सिंह, अप्पा राव, सुंदर राव, वासुदेव, प्रसाद राव रहे। 60 वर्ष से ज्यादा के खिलाड़ियों ने अपने खेल का जौहर दिखाया। 60 प्लस के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी डॉक्टर अजय सिंह को प्रदान किया गया। 40 वर्षीय मैच में 4 टीमें रही जो नॉकआउट पद्धति से खेली गई। तीसरी और चौथे स्थान के लिए पाठक चैलेंजर विरुद्ध ओल्ड इस गोल्ड टीमों के बीच मैच खेला गया। इस मैच में पाठक चैलेंजर की ओर से गोल करने वाले खिलाड़ी उत्तम दास मानिकपुरी के द्वारा किया गया जो मैच की समाप्ति तक स्कोर यही रहा।

### फाइनल बंगाल टाईगर ने जीता

फाइनल मुकाबला बंगाल टाईगर विरुद्ध रॉयल चैलेंजर के मध्य खेला गया, इस मैच में बंगाल टाईगर की ओर से जी मधु बाबू ने पहले हाफ में 1 गोल मारा, दूसरे हाफ में रॉयल चैलेंजर की ओर से मैच के अंतिम समय में संतोष घोष के द्वारा एक गोल कर टीम को एक-एक के बराबरी 1-1 की बराबरी पर ला दिया। मैच का निर्णय टाई ब्रेकर के द्वारा लिया गया। जिसमे बंगाल टाईगर ने 3-2 से जीत हासिल की।

# गुरुद्वारा दयालबंद में गुरु अर्जुन देव के प्रकाश पूरब की धूम



**बिलासपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद में धन-धन श्री गुरुतेग बहादुर साहेब का प्रकाश पर्व की धूम है। इस आयोजन में समाज की समूह साध संगत अपने परिवार के साथ पहुंच रहे हैं।

गुरुद्वारा दयालबंद में सोमवार को भी विशेष दीवान सजाया गया। इसमें पाउंटा साहेब से आए जत्था भाई अर्जुन सिंह, परवान हजूरी रागी जत्था दयालबंद भाई जगजीत सिंह और ज्ञानी मान सिंह बडला हेड ग्रंथी ने हाजिरी भरी। अंत में गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने गुरु का प्रसाद लिया। मंगलवार 30 अप्रैल को सुबह का विशेष दीवान 7 से 9:15 बजे तक एवं शाम का विशेष दीवान 7 से 9:15 बजे तक सजेगा। उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद की प्रबंधक कमेटी ने समूह साध संगत के सहयोग से प्रकाश पूरब की तैयारी पूरी कर ली है।

साध संगत पूरे परिवार के साथ ले रहे हैं भाग



## श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल में पाठ कर की गई अरदास

श्री गुरु तेग बहादुर शिक्षण समिति के सदस्यों, शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं व बच्चों की उपस्थिति में श्री गुरु तेग बहादुर उच्चतर माध्यमिक शाला में श्री गुरु तेग बहादुर का प्रकाश पर्व मनाया गया। इस अवसर पर गुरुजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। ज्ञानी श्रवण सिंह ने पाठ व अरदास कर गुरु का प्रसाद वितरण किया। शिक्षण समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने समाज के कल्याण आर्थिक और आध्यात्मिक सुधार के लिए कई कार्य किया। उन्होंने दुनिया को प्रेम एकता और भाईचारा का संदेश दिए। आज प्रकाश पर्व पर हम सभी उनके कुछ विचारों से प्रेरणा लेकर सही रास्ते पर चल सकते हैं। श्री गुरु तेग बहादुर शिक्षण समिति द्वारा प्रकाश पर्व पर आने वाले सत्र में विद्यालय में नर्सरी केजी 1 व 2 के बच्चों को प्रवेश पर स्कूल का दो निःशुल्क यूनिफॉर्म दिया जाएगा। विद्यालय के उत्कृष्ट बच्चों को भी पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर चरण सिंह, त्रिलोचन सिंह, कमलजीत सिंह, सोहल गुरप्रीत, भगत सरवन सिंह, निशी गुप्ता, मनदीप कौर, अमरेंद्र मुखर्जी, अनिता पांडेय, विवेक नायक, प्रकाश शेष, रीना ठाकुर, अंजली, पल्लवी शुक्ला आदि उपस्थित रहे।



# समय-समय पर हेल्थ कैंप का आयोजन आवश्यक

बिलासपुर। अटल विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा दो दिवसीय हेल्थ चेकअप कैंप की शुरुआत की गई, जिसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी एवं अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ. एच.एस.होता ने फीता काटकर किया। सर्वप्रथम कुलपति द्वारा विभिन्न हेल्थ पैरामीटर का स्कैन मशीन से किया गया। इस कैंप में विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के छात्र, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि इस प्रकार के हेल्थ कैंप का आयोजन समय-समय पर किया जाना आवश्यक है ताकि स्वास्थ्य के प्रति सजकता आ सके। उन्होंने इस अवसर पर हेल्थ सेंटर को और विकसित करने तथा नियमित रूप से हेल्थ कैंप लगाने निर्देशित किया।

दो दिवसीय हेल्थ चेकअप का शुभारंभ

## आयोजन

# विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी ने किया रामउत्सव कार्यक्रम




**बिलासपुर।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गावाहिनी के द्वारा रामउत्सव का कार्यक्रम किया गया। साथ ही इसमें आने वाले दिनों में लगने वाले प्रशिक्षण वर्ग की जानकारी दी गई। जिसमें प्रांत मंत्री विभूतिभूषण पांडे के द्वारा विश्व हिंदू परिषद की पृष्ठभूमि बताई गई। जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के द्वारा विहिप के द्वारा किए जाने वाले कार्य एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका बताई गई। दुर्गावाहिनी प्रांत सहसंयोजीका प्रीति दुबे के द्वारा दुर्गावाहिनी के कार्य एवं आगामी वर्ग के बारे में बताया गया। मातृशक्ति जिला संयोजिका विनीता राव द्वारा मातृ शक्ति के द्वारा किए जाने वाले कार्य बताए गए, साथ ही सहसंयोजिका कमलनी गुप्ता द्वारा मातृ शक्ति के वर्ग के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका आरती यादव के द्वारा किया गया। जिसमें प्रांत सहकोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता विभाग मंत्री राजीव शर्मा, विभाग धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख प्रमोद कश्यप, विभाग सत्संग प्रमुख दीपक सिंह, जिला मंत्री राजीव अग्रवाल, जिला सत्संग प्रमुख संजीव गुप्ता एवं मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की बहनें उपस्थित थी।

## मूर्तिकार दिवस आज : अमित सूत्रधर ने कहा

# अपने हुनर का करें सम्मान, मिलती है पहचान

परिजनों का प्रोत्साहन व खुद की रूचि हो तो जीवन में सफलता अवश्य मिलती है। वंशानुगत कला का भी बच्चों पर बेहद असर रहता है। यदि मन लगाकर अपनी इस कला को आगे बढ़ाने में लगे रहें तो उसमें निखार आ जाता है। इससे आर्थिक लाभ तो होता ही है, समाज में एक अलग पहचान भी मिलती है। सरकार भी मूर्तिकारों को प्रोत्साहन दें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्नर न्यूज

यह कथन शहर के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार अमित सूत्रधर का है। उन्होंने जिंदगी लाइव टीम से चर्चा करते हुए बताया कि उनके पिताजी एक सफल मूर्तिकार थे। उन्होंने कोलकाता के ललित कला आर्टस कॉलेज से मूर्ति कला की शिक्षा ली थी। इसके बाद वे सालों मूर्ति बनाते रहे। मूर्ति बनाने में वे भी उन्हें सहयोग करते थे। जिससे उनमें भी पारंगतता आते गई। अमित ने सबसे पहले न्यू लोको कालोनी बिलासपुर के लिए एक सरस्वती की प्रतिमा बनाई थी। जिसे कालोनी वालों ने काफी पसंद किया। इससे वे काफी प्रोत्साहित हुए और आगे भी मूर्ति बनाने ऑर्डर लेने लगे। आज वे एक सफल मूर्तिकार के रूप में काम कर महानगरों में अपनी पहचान बना चुके हैं। युवाओं के नाम संदेश में उन्होंने कहा कि अपने हुनर का हमेशा सम्मान करना चाहिए।





### बस्तर आर्ट में भी है महारथ हासिल

अमित को बस्तर आर्ट में भी महारथ हासिल है। कलेक्टरेट के सामने आदिवासी संस्कृति को इनके द्वारा ही बस्तर आर्ट के माध्यम से दर्शाया गया है। कानन पेंडारी में हाथी, मुगली पार्क, जेब्रा, भालू, बिलासा ताल का डायनासोर, घोड़ा, देवकीनंदन चौक का वाल डेकोरेशन इन्हीं की कला है। अयोध्या के राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के समय इनके द्वारा भगवान राम की आकर्षक प्रतिमा बनाई गई थी। जिसे भारी सराहना मिली थी।

### 50 फीट की मूर्ति बनाने का है रिकॉर्ड

श्री सूत्रधर ने बताया कि गणेश व दुर्गा उत्सव के समय उनके द्वारा विविध तरह की ढेरों मूर्तियां बनाई जाती है। अब तक उनके द्वारा 35 फीट का गणेश, 50 फीट की दुर्गा व गणेश प्रतिमा, 12 फीट वाली फाइवर की परशुराम की मूर्ति बनाई जा चुकी है। बंगाल, हैदराबाद, महाराष्ट्र से भी गणेश की प्रतिमा बनाने उन्हें निरंतर ऑर्डर मिलते हैं। वे बताते हैं कि अपनी इस कला के चलते ही आज वे अपने परिवार का भरण पोषण बेहतर ढंग से कर रहे हैं।





## खबर संक्षेप

### उमेन्द्र जेईई मेंस की परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफल



**सीपत।** जेईई मेन्स 2024 का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। जिसमें गुड़ी निवासी रामचरण लोनिया के पुत्र उमेन्द्र ने पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवांवित किया। बता दें कि उमेंद्र सुनील शिक्षण संस्था कक्षा 12 वीं की तैयारी के साथ साथ जेईई मेन्स परीक्षा की भी तैयारी कर रहा था। संचालक सुनील निर्मलकर ने बताया कि उमेंद्र क्षेत्र का होनहार बालक हैं। जिसे पहले ही प्रयास में आल इंडिया रैंक में 190518 रैंक के साथ 65.64 परसेंट प्राप्त हुआ हैं। उमेन्द्र अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व गुरुजनों को दिया। छात्र उमेन्द्र ने सफलता का झंडा गाड़कर सुनील शिक्षण संस्था का मान बढ़ाया है।

### नव जागृति शाला का परीक्षा परिणाम घोषित



**तखतपुर।** नव जागृति उच्च. माध्य. शाला में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया। संस्था प्राचार्य एसपी सैमुएल, प्रभारी समित सैमुएल व आइरिस बरखा सैमुएल ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। सांस्कृतिक प्रभारी पूजा तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

### प्राचार्य शर्मा को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**लोरमी।** शासकीय हाईस्कूल चंदली के प्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा के सेवानिवृत होने पर संकुल केंद्र चंदली के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल इंजीनियर महेश कुमार दुबे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य सरिता तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि श्री शर्मा का कार्यकाल अविस्मरणीय रहेगा। इस मौके पर प्रधान पाठक संजय दास वैष्णव, रहीम डाहिरे, घनश्याम देवांगन, चैतराम बंजारे, संजय राजपूत, भूपेन्द्र सिंह, उमेश राजपूत, मंजू जयसवाल, अनिता ठाकुर, रूक्मणी दुबे सहित बरबसपुर कला, बरबसपुर जरहा, कुधुरताल, पत्थर ताल के प्रधान पाठक, शिक्षक एवं शिक्षिकाए बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### महिलाओं ने सुंदर काण्ड का पाठ कर भजन की प्रस्तुति दी



**करगी रोड कोटा।** शिव, हनुमान मंदिर नाका के पास महिलाओं ने सुंदर काण्ड में संकट मोचन हनुमान की भक्ति का पाठ करके भजन की प्रस्तुति दी। मंदिर के पुजारी गोलू महराज ने सुंदर काण्ड पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय महिलाओं द्वारा सुंदरकांड, भजन के माध्यम से पाठ किया।

### श्रमदान कर मंदिर के भंडारे को बनाया सफल



**करगी रोड कोटा।** शिव, हनुमान मंदिर नाका में भंडारा सहित धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कन्याओं द्वारा श्रमदान कर मंदिर में भंडारे को सफल बनाया। मन्दिर पुजारी गोलू महराज ने आभार व्यक्त किया।

### मोबाइल टावर से बैटरी की चोरी, अपराध पंजीबद्ध

**तखतपुर।** मोबाइल टावर में लगे बैटरी को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## फ्लाई ऐश से भरे 51 बीटीएपी रेलवे वैगन को हरी झंडी दिखाई गई

# पर्यावरण हितैषी कार्यों में एनटीपीसी सीपत हमेशा से अग्रणी: पांडे



**सीपत।** एनटीपीसी सीपत ने अपनी उपलब्धियों में 28 अप्रैल को एक और अध्याय जोड़ा। परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पांडे, मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी सीपत तथा अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ने फ्लाई ऐश से भरे 51 बीटीएपी रेलवे वैगन को बिरला सीमेंट की मैहर इकाई के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एनटीपीसी से निकली ये 3000 मैट्रिक टन फ्लाई ऐश पूर्णतः सुरक्षित रेल मार्ग से मैहर सीमेंट इकाई में पहुंचेगी और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनेगी। ज्ञात हो कि एनटीपीसी सीपत हमेशा से ही पर्यावरण हितैषी कार्यों के लिए प्रयासरत रही है और विद्युत निर्माण से उत्पन्न राखड़ के शत प्रतिशत उपयोग के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में एनटीपीसी सीपत के राखड़ का मुख्य उपयोग राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में हो रहा है। एनएचएआई की विभिन्न परियोजनाओं जैसे कि बिलासपुर पथरापाली मार्ग, बिलासपुर - ऊर्गा मार्ग, रायपुर - विशाखापत्तनम मार्ग, दुर्ग - आरंग बायपास आदि में एनटीपीसी सीपत ने विगत वर्षों में लगभग 90 लाख मीट्रिक टन ऐश की आपूर्ति की है। और लाखों लोगों के लिए सुरक्षित और तीव्र राजमार्गों के निर्माण में सहभागिता की है। इसी दिशा में रेलवे वैगन से राखड़ की आपूर्ति के लिए यह एक अभिनव पहल है। प्रथम रेलवे वैगन की रवानगी अभी परीक्षण स्तर पर है। इस परीक्षण को सफलता पूर्वक संपन्न करने में विजय कृष्ण पांडे मुख्य महाप्रबंधक और अनिल शंकर शरण महाप्रबंधक के दिशा निर्देशों का योगदान रहा। उनके निर्देशों पर विभिन्न विभागों ऐश यूटिलाइजेशन, ऐश हैंडलिंग, एमजीआर और सीएचपी ने दिन रात आपसी सहयोग से कार्य किया।



### सरस्वती शिशु मंदिर बरेला का परीक्षा परिणाम घोषित

**जरहागांव।** सरस्वती शिशु मंदिर बरेला में परीक्षा परिणाम घोषणा के दौरान उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम शिक्षण समिति बरेला के अध्यक्ष राकेश बैस, संयोजक नरेश पटेल, पद्मन क्षत्रिय, राजु सेमरिया, नोहर सिंह ठाकुर, प्रधानाचार्य विनोद पटेल उपस्थित थे। विद्यालय का परिणाम परीक्षा प्रभारी कृपाल सिंह ध्रुव के द्वारा संपन्न कराया गया। सशिमं बरेला में सत्र 2024 में 230 छात्र अध्यनरत थे जिसमें 230 परीक्षा में शामिल हुए। इस वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त सभी छात्रों को गोल्ड प्लेटेड मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य संतोष पटेल, मुमताज खान, कृपाल सिंह ध्रुव, पिंकी सवैया, भारती देवांगन, सरोजिनी प्रजापति, दिव्या रानी पटेल, अखिलेश कश्यप, स्मृति पटेल, विद्यार्थियों के साथ अभिभावक उपस्थित रहे।



# दो उचित मूल्य की दुकानों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्र के शासकीय उचित मूल्य दुकान तुलसाघाट व ढोलगी में गड़बड़ी पाए जाने पर अनुविभागीय अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया।

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार तुसाघाट आईडी क्रमांक 632007157 के विरूद्ध जांच 26 अप्रेल को किया गया था। जिसमें अनियमितता पाई गई थी। सुनीता, शिवकुमर, अंसुइया, पूर्णिमा दोरपति के नाम से जारी राशनकार्ड में हितग्राही को 20, 20 किलोग्राम चावल कम व सुनीता के राशन कार्ड पर 24 किलो कम दिया गया। राशनकार्ड धारियों को कम खाद्यन प्रदान कर इपास डिवाइस में इंद्राज कर निजीहित के लिए उपयोग किया गया। ग्राम ढोलगी की दुकान आईडी क्रमांक 402007087 का संचालन मई 2023 तक किया गया है। जिसकी बचत मात्रा चावल 76.89 क्विन्टल को वर्तमान संचालनकर्ता एजेंसी को प्रभार नहीं दिया जाकर अफरा-तफरी की गई है। दोनों उचित मूल्य के दुकान के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के आदेश 5 (1).(24) 11 (5), 11 (10) व 15 का उलंघन करना पाया गया।

#### एफआईआर दर्ज कराई जाएगी

अनियमितता पाए जाने वाले राशन दुकानों पर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

**देवेंद्र बग्गा**
जिला खाद्य अधिकारी

# पानी के लिए लोगों को करनी पड़ रही मशक्कत, कलेक्टर से गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

गांव में पेयजल संकट होने व नल जल योजना अंतर्गत कनेक्शन नहीं मिलने से प्रतिदिन दूर से पानी लाने की शिकायत ग्रामीण ने बिलासपुर कलेक्टर से की है।

ग्राम गिरधौन निवासी खोरबहरा सिंगरौल ने बिलासपुर कलेक्टर से शिकायत में बताया कि इस भीषण गर्मी में पानी के लिए उसका परिवार भटक रहा है। और प्रतिदिन दो किमी दूर से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। गांव में नलजल योजना अंतर्गत कनेक्शन है पर उन्हें कनेक्शन नहीं मिलने से परेशान है। मेरे पुत्र द्वारा जन शिकायत पोर्टल में आनलाइन शिकायत किया गया है लेकिन अभी तक उसका निराकरण नहीं किया गया है।



#### ग्रामीणों को कनेक्शन आसानी से नहीं देते

नल जल योजना पीएचई विभाग द्वारा संचालन किया जाता है। पीएचई विभाग को जानकारी देने के बावजूद वे ग्रामीणों को नल कनेक्शन आसानी से नहीं देते है। जिसके कारण ग्रामीण परेशान है। उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

**-भाग्यश्री मिश्रा,** सीईओ तखतपुर

#### लगा दिया जाएगा

एक सप्ताह के भीतर हितग्राही के घर में नल लगा दिया जाएगा।

**यू के राठिया,** कार्यपालन अभियंता तखतपुर।

# संविधान लेकर घूमने का नाटक का कर रहे राहुल: धरमलाल



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी के दौरे पर बयान देते हुए भाजपा के विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा कि जिस कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान का कत्ल किया हो, चुनी हुई सरकारों को लगातार बर्खास्त किया हो ,वह संविधान को हाथ में लेकर घूमने का नाटक कर रहे हैं। राहुल गांधी अब एक ऐसे शख्स हो चुके हैं जो कुछ भी वास्तविक नहीं करते, केवल नाटक करते हैं वह मंदिर जाते हैं तो वह नाटक होता है, संविधान को हाथ में लेते हैं तो वह नाटक होता है ,राहुल गांधी ने देश के लोगों की भावनाओं से खेलने का काम लगातार किया है। श्री कौशिक ने कहा कि आज राहुल गांधी को छत्तीसगढ़ आकर यह बताना चाहिए था कि आखिर केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के वीडियो को एडिट करने और लोगों को भ्रमित करने की कायरता पूर्ण हरकत कांग्रेस ने क्यों की?

# घर आजा संगवारी, मतदान करे बर : रिमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

विकासखण्ड मस्तूरी के सीपत परिक्षेत्र में मितानिन प्रशिक्षक की एक दिवसीय कार्यशाला चुनाई नेवता का आयोजन मंगल भवन में किया गया। परियोजना अधिकारी जिला पंचायत रिमन सिंह ठाकुर, जेआर भगत सीईओ जनपद पंचायत मस्तूरी, डॉक्टर अनिल कुमार बीएमओ मस्तूरी के द्वारा चुनाई नेवता में मतदान दल घर-घर जाकर लोगों से बात कर मतदान करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। प्रशिक्षण में संतोष महिलांगे बीईटीओ भूपेन्द्र देवागंन बीपीएम संजय सिंह मधुकर बीएएम राधेश्याम सुर्यवंशी बीडीएम रघुवीर तिवारी राजेश साहू सुपरवाइजर, रेखा पाण्डेय सचिव ग्राम पंचायत सीपत, सरोज यादव, मधुलता पाटनवार कौशिल्या साहू, हिरामती पाटनवार, गौरी यादव, कनीजा बानो, सुनीता उपाध्याय बहोरन खरे मितानिन प्रशिक्षक एवं हीरालाल यादव ब्लाक समन्वयक मितानिन कार्यक्रम मस्तूरी उपस्थित थे।

### संकुल समन्वयक विजय पांडे के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह

**तखतपुर।** संकुल समन्वयक विजय पांडे के सेवानिवृत होने पर संकुल समन्वयकों की ओर से कार्यक्रम का आयोजन कर विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला, विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त एलपी पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विजय पांडे को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विजय पांडे ने अपने शिक्षकीय व संकुल समन्वयक कार्यकाल का अनुभव लोगों के साथ साझा किया। सहायक आयुक्त एलपी पटेल ने कहा कि व्यक्ति का कार्य ही उसकी पहचान है और उसी के माध्यम से वह अपनी जगह निर्धारित करता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि शासकीय सेवक की पहचान उसके व्यवहार के साथ-साथ दायित्व निर्वहन के तरीकों से होता है ।

# मतदाता जागरूकता व शतरंज प्रतियोगिता एक साथ दो कार्य का संगम: अजय

**लोरमी।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय ओपन रैंकिंग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन महाराणा प्रताप उच्च माध्य विद्यालय झाफल में 28 अप्रैल को किया गया। स्पर्धा के मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों तक माइंड गेम को पहुंचाया साथ में मतदाता जागरूकता को एक साथ लेकर प्रचार प्रसार किया। इसके लिए आयोजक व प्रायोजक टीम को बहुत बहुत शुभकामनाएं। इस दौरान सभी मतदाताओं को शपथ दिलाया गया। भारत स्काउट गाइड लालपुर कला के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मतदाता जागरुकता ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में पिंटू कश्यप, चित्रकला में विशु राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### जयंती पर याद किए गए छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी के 78 वें जन्मदिन पर उनके समर्थकों ने उनकी समाधि पर जाकर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने जीपीएम की माटी का मान बढ़ाया। उन्होंने हमेशा गरीब, पिछड़े, दीन दुखियों को आगे लाने के लिए प्रयास किया तथा क्षेत्र को गौरवान्वित किया। वे हमेशा छत्तीसगढ़ की अस्मिता को राष्ट्र स्तर पर गौरव प्रदान करने प्रयासरत रहे। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने मरवाही क्षेत्र के विकास के लिए जो भी कार्य किए उसके लिए वे याद किए जाते रहेंगे। स्वर्गीय अजीत जोगी के ग्रेव्यार्ड में आयोजित जयंती कार्यक्रम पर अजीत जोगी के समर्थक परिवार के सदस्य के रूप में राम शंकर राय, सुनील गुप्ता, आशीष रमेश केसरी, गणेश जायसवाल, गणेश पांडे, विनय चौबे, सुमन सिंह वाकरे, अशोक नगाइच, बद्री साहू, ओमकार भल्लू सोनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महंगाई, बेरोजगारी से छुटकारा पाना है तो कांग्रेस की सरकार बनाएं



**जीपीएम।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत के पक्ष में चुनाव प्रचार जोर पकड़ चुका है। कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। वे पूरे उत्साह के साथ घर-घर दस्तक दे रहे हैं। प्रत्याशी का भी सघन जनसंपर्क अभियान जारी है। इसी कड़ी में गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के मरवाही विधानसभा में भी ज्योत्सना महंत को जनता का आशीर्वाद व समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा जनता को बताया जा रहा है कि भाजपा ने सभी सामानों पर जीएसटी लगा दिया है। कांग्रेस की सरकार बनती है तो जीएसटी हटा दिया जाएगा। पिछले 10 सालों में किसी के घर मिट्टी का तेल देखने को नहीं मिलता है।



# आत्मानंद स्कूल ने अव्वल छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**पेंड्रा।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल पेंड्रा ने सत्र 2023-24 के छात्रों को उनकी प्रगति रिपोर्ट वितरित कर शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। जो पूरे शैक्षणिक वर्ष मंल उनके समर्पण और कड़ी मेहनत को उजागर करता है। दशमीत व सवित्री शुक्ला के समन्वय के तहत कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ। जिसमें शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वालों की घोषणा की गई और उन्हें सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल वीके वर्मा, श्री पैकरा व हेड मास्टर प्राइमरी उमेश रजक ने परिणाम पत्र, प्रमाण पत्र और पदक वितरण की अध्यक्षता की।

### अज्ञात बाइक चालक ने युवक को मारी टक्कर

**तखतपुर।** सड़क किनारे खड़े युवक को अज्ञात बाइक चालक ने टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रेखा गोस्वामी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 अप्रैल की सुबह 7 बजे उसका भाई मण्डी चौक के पास खड़ा हुआ था।

## निधन

### केआर श्रीवास



**बिलासपुर।** पेंड्री निवासी केआर श्रीवास का 29 अप्रैल को निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे राकेश, मुकेश श्रीवास के पिता थे।

### खोरबहरा राम श्रीवास



**बिलासपुर।** कुदूदंड शिव चौक निवासी खोरबहरा राम श्रीवास (रिटायर्ड सेल्स टैक्स कर्मचारी) का 29 अप्रैल को निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरंकडा मुक्तिधाम में किया गया। वे राकेश श्रीवास के पिता व विशाल, हर्षित, वरूण के दादा थे।

### चोरी गया मोबाइल पुलिस ने ढूंढ निकाला

**तखतपुर।** तखतपुर निवासी अभिलाष टेकवानी 29 वर्ष पुत्र नोतन टेकवानी पत्नी के साथ विशाखापट्टनम घूमने गया हुआ था।वापसी के दौरान 17 फरवरी को कोरबा विशाखापट्टनम लिंक एक्सप्रेस में उसका 40000 रुपए कीमती मोबाइल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। जिसकी रिपोर्ट बिलासपुर रेलवे स्टेशन आरपीएफ थाने में दर्ज कराई गई थी। चोरी की रिपोर्ट को टिटलागढ़ रेलवे स्टेशन ओडिशा भेजा गया। टिटलागढ़ रेलवे स्टेशन आरपीएफ ने कार्रवाई करते हुए। मोबाइल को सही सलामत ढूंढ निकला और 25 अप्रैल को टिटलागढ़ थाना प्रभारी ने अभिलाष को मोबाइल सुपुर्द कर दिया ।


## गुमशुदा



पूजा कौशिक (रीना) पिता पुन्नी लाल कौशिक उम्र 18 वर्ष, ऊंचाई 5 फीट, चेहरा लम्बा, बाल काला, रंग गोरी, दुबली, मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। गुलाबी रंग का फ्राक, लाल रंग का लैंगिस पहनी है, सफेद थैला रखी है, जो ग्राम कुरेली, सागर (काठाकोनी) बिलासपुर से दिनांक 26.04.2024 को शाम 4.00 बजे बिना बताये कहीं चली गई है। जिस किसी सज्जन को दिखे, कृपया सूचित करने की कृपा करें। उचित ईनाम दिया जावेगा।
मो. 9329152141, 8959172919

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले का नोटिस**

क्रमांक/क/तह./वाचक/2024
बिलासपुर, दिनांक 26.04.2024

एतद द्वारा रीना दुबे पति अमित दुबे निवासी यदुनंदन नगर बिलासपुर निवासी यदुनंदन नगर बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि ग्राम मंगला प.ह.नं. 35 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 1339/4 (1348/4) रकबा 1650 वर्गफीट एकड़/ हेक्टेयर भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्री हरीश कुमार निहलानी पिता/ पति स्व. अुर्जनदास निवासी दयालबंद बिलासपुर द्वारा आवेदन किया गया।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 03.05.2024 के लिए नियत है। अत: आप दिनांक 03.05.2024 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेंगे।

आज दिनांक 26.04.2024 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**राजस्व मामले में नोटिस**
**समक्ष न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार स्थान- बिलासपुर (छ.ग.)**

मामले का विषय–कब्जा बाबत्
मामला क्रमांक–अ–70
सन 2023–24

भवतोष बारिक
विरुद्ध
श्याम सोनी वगै.

**दावा**

श्री श्याम सोनी पिता का नाम मंगल सोनी निवास स्थान बन्नाकडीह तहसील बिलासपुर

आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 13 माह 05 सन 2024 को दिन के 11.00 बजे स्थान अति. तह. बिलासपुर पर होगी।

तारीख 16 माह 04 सन 2024

राजस्व अधिकारी.......
मुहर पदनाम........

**राजस्व मामले में नोटिस**
**समक्ष न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार स्थान- बिलासपुर (छ.ग.)**

मामले का विषय–कब्जा बाबत्
मामला क्रमांक–अ–70
सन 2023–24

भवतोष बारिक
विरुद्ध
श्याम सोनी वगै.

**दावा**

श्री गनपत सोनी पिता का नाम नामालूम निवास स्थान बन्नाकडीह तहसील बिलासपुर

आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 13 माह 05 सन 2024 को दिन के 11.00 बजे स्थान अति. तह. बिलासपुर पर होगी।

तारीख 16 माह 04 सन 2024

राजस्व अधिकारी.......
मुहर पदनाम........

**राजस्व मामले में नोटिस**
**समक्ष न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार स्थान- बिलासपुर (छ.ग.)**

मामले का विषय–कब्जा बाबत्
मामला क्रमांक–अ–70
सन 2023–24

भवतोष बारिक
विरुद्ध
श्याम सोनी वगै.

**दावा**

श्री प्रकाश स्वर्णकार पिता का नाम मंगल सोनी निवास स्थान बन्नाकडीह तहसील बिलासपुर

आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 13 माह 05 सन 2024 को दिन के 11.00 बजे स्थान अति. तह. बिलासपुर पर होगी।

तारीख 16 माह 04 सन 2024

राजस्व अधिकारी.......
मुहर पदनाम........

**न्यायालय- चन्द्रकुमार अजगल्ले जिला न्यायाधीश मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**समंस**

आदेश 05 नियम 20 व्य.प्र. संहिता 1908
श्रीमती सुरूज बाई वगैरह.............अपीलार्थीगण
बनाम
श्रीमती बिंदा बाई वगैरह...............उत्तरवादीगण

1. श्रीमती सुरूज बाई 2. ज्ञान सिंह, 3. कल्याण सिंह, 4. कुंती बाई, 5. श्रीमती बुजबाई, 6. राजकुमार, 7. श्रीमती अनिता, 8 श्रीमती कुमारी बाई सभी निवासी ग्राम करूहानार तहसील–लोरमी, जिला–मुंगेली (छ.ग.)...........अपीलार्थीगण
विरुद्ध
1. श्रीमती बिंदा बाई, 2. श्रीमती बुधवारा बाई, 3. ललीत कुमार, 4. ललेश, 5. विद्या, 6. शिवबती, 7. परमिला सभी निवासी ग्राम करूहानार, 8. श्रीमती ललिता बाई निवासी ग्राम–नवापारा राम्हेपुर, 9. गणेश, 10. प्रदीप, 11. रामप्यारी, 12. साधुराम, 13. लोमश सभी निवासी ग्राम करूहानार, 14, फागुराम निवासी गोड़खाम्ही, 15. जगत, 16. लेखन, 17. फागुराम, 18. मनोहर, 19. जनोहर निवासी ग्राम–करूहानार 20. श्रीमती अमृत बाई ग्राम–झलरी, 21. श्रीमती सुमरित बाई ग्राम पथरताल सभी तहसील – लोरमी, जिला–मुंगेली (छ.ग.) 22. छ.ग. शासन द्वारा जिलाध्यक्ष मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.).........उत्तरवादीगण

सिविल अपील क. – 26–अ / 2023
पेशी दिनांक– 04/05/2024
प्रोसेस क्रमांक–1027/24

एतद् द्वारा उत्तरवादी क्रमांक 05 विद्या पति स्वारथलाल, उत्तरवादी क्रमांक 07 परमिला बाई पिता स्व. स्वारथलाल, उत्तरवादी क्रमांक 09 गणेश पिता आजूराम, उत्तरवादी क्रमांक 16 लेखन पिता सोनसिंह सभी निवासी ग्राम करूहानार, तहसील – लोरमी, जिला–मुंगेली छ.ग. एवं उत्तरवादी क्रमांक 21 श्रीमती सुमरित बाई पिता फागुराम निवासी ग्राम–पथरताल, तहसील - लोरमी, जिला- मुंगेली (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि उत्तरवादीगण श्रीमती सुरूज बाई वगैरह ने मेरे न्यायालय में एक सिविल अपील पेश किया है जिस पर पेशी दिनांक 04/05/2024 को सुनवाई किया जाना है व उक्त प्रकरण मेरे न्यायालय में आपकी उपस्थिति एवं जवाब पेश करने के लिए नियत किया गया है । अत: आपको इस समंस के द्वारा सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसे मामले के बारे में पुरी जानकारी हो सुनवाई दिनांक 04/05/2024 को प्रात: 10:30 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है आपके अनुपस्थिति रहने की स्थिति में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर सिविल अपील में अग्रिम सुनवाई की जावेगी। उक्त तिथि को किसी कारणवश अवकाश होने पर या पीठासीन अधिकारी के अवकाश में होने पर मामले की सुनवाई अगामी न्यायालयीन कार्यदिवस में की जावेगी ।

आज दिनांक–22/04/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से समंस जारी किया गया।
दिनांक–22/04/24

**चन्द्रकुमार अजगल्ले**
**जिला न्यायाधीश मुंगेली**
**(छ.ग.)**

29 APRIL -BSP- pg- 5_Layout 1 4/29/2024 11:50 PM Page 1





# झूठे आरोप लगाकर छवि धूमिल करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**मुंबई।** भोजपुरी फिल्मों के स्टार रवि किशन को अपना पिता बताने वाली महिला ने डीएनए टेस्ट की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया है और मामले में कुछ भी ऐसा नहीं पाया जिससे टेस्ट की जरूरत पड़े। अब इस पर रवि किशन की ओर से बयान आया है कि इन लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस केस में जिन-जिन लोगों ने छवि धूमिल करने का प्रयास किया है उन सबको जेल जाना होगा। इसमें जो भी बड़े-बड़े नाम शामिल हैं उनमें से किसी को भी माफ नहीं किया जाएगा और वो आरोप लगाने वाली महिला भी जल्द ही जेल जाएगी। गोरखपुर से वर्तमान सांसद रवि किशन को अपना पिता बताकर उनके डीएनए टेस्ट की अर्जी लगाने वाली महिला शिनोवा शुक्ला को अदालत से फटकार मिली है।

लाइफ Style



# जैस्मीन

## इस साल शादी करेंगी अली गोनी से

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अली गोनी और जैस्मीन भसीन अपने 'बिग बॉस' के दिनों से ही हमारा दिल जीत रहे हैं। हमने घर में रहने के दौरान दोनों के बीच का प्यारा रिश्ता देखा, जिससे पता चला कि कैसे उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई।

आख़िरकार, जैस्मीन और अली ने नेशनल टेलीविजन पर एक-दूसरे के लिए अपने प्यार का इज़हार किया और जल्द ही लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। जब वे दोनों अपने डेटिंग फेज का भरपूर आनंद ले रहे हैं, उनसे अक्सर उनकी शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा जाता है। इस बार अली ने इस पर रिएक्ट किया है। जैस्मीन भसीन और उनके बॉयफ्रेंड अली गोनी पिछले कुछ सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। बता दें, जैस्मीन और अली पहली बार मुंबई एयरपोर्ट पर मिले थे, जब वे 'खतरों के खिलाड़ी' की टीम के साथ अर्जेंटीना के लिए रवाना हो रहे थे। हालांकि, बिग बॉस 14 के घर के अंदर उनके रहने के बाद से उन्हें एक-दूसरे से प्यार हुआ और वे तब से एक साथ हैं। वे कई म्यूजिक वीडियो में एक साथ दिखाई दिए हैं और उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। जहां हर कोई जैस्मीन भसीन और अली गोनी की शादी के बारे में जानने के लिए एक्साइटेड है, वहीं अली गोनी ने हाल ही में अपनी शादी के बारे में एक बड़ा संकेत दिया है। 'इंस्टेंट बॉलीवुड' के साथ अपनी बातचीत के दौरान, अली ने खुलासा किया कि उनकी मां उन्हें और जैस्मीन को शादी करने के लिए कह रही हैं।

हॉलीवुड मसाला



# जेनिफर ने दिखाया एक्शन का दम

मुंबई। जेनिफर लोपेज स्टारर एटलस का टीजर पिछले महीने रिलीज किया गया था , जो ऑडियंस को खूब पसंद आया था। अब फिल्म का ट्रेलर भी जारी हो गया है। जेनिफर लोपेज को आपने कई किरदार में देखा होगा, लेकिन साइंस फिक्शन एक्शन थ्रिलर में एक्ट्रेस पहली बार नजर आएंगी। ट्रेलर में जेनिफर लोपेज छा गई हैं। जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की बेहतरीन अदाकारा हैं। साल 1993 में डेब्यू करने वाली जेनिफर ने तीन दशक के करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है।




# कैसेंड्रा नोवा है डेडपूल एंड वुल्वरीन की पॉवरफुल बॉल्ड विलेन..

**मुंबई।** डेडपूल एंड वुल्वरीन का मारवल के फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म के साथ लोगन का सात साल का वनवास खत्म होगा। 2017 में आई लोगन में वुल्वरीन की मौत दिखाई गई थी। हालांकि ट्रेलर आने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा इस सुपरहीरो फिल्म की विलेन को लेकर है जो डेडपूर और वुल्वरीन दोनों के छक्के छुड़ाते नजर आ रही है। वुल्वरीन के फैंस खास तौर पर जश्न मना रहे हैं, क्योंकि इस 2017 में आई 'लोगन' में वुल्वरीन की मौत दिखाई जा चुकी है। अब सात साल बाद मारवल का यह दिलचस्प किरदार बड़े पर्दे पर वापसी कर रहा है। ट्रेलर में डेडपूल यानी वेड विल्सन और वुल्वरीन यानी लोगन के बीच की नोकझोंक फैंस को खूब पसंद आ रही है, मगर ट्रेलर के अंत में एक अन्य किरदार पर निगाहें थम जाती हैं। इसे बेहद ताकतवर बाल्ड कैरेक्टर को देखकर जहन में सवाल उठना लाजिमी है।



# आयशा की सादगी देख यकीन नहीं होता

**नई दिल्ली।** रजा मुराद का सख्त सा चेहरा, कठोर सी आंखें और उनकी भारी भरकम आवाज ही फिल्मी दर्शकों को दहलाने के लिए काफी होती थी। उनकी ये आवाज ही उनकी पहचान बन गई। रजा मुराद मशहूर एक्टर मुराद के बेटे हैं। मुराद ने भी दशकों तक फिल्म इंडस्ट्री में काम किया। इस दौरान वो दिलीप कुमार, पृथ्वीराज कपूर जैसे कई उम्दा सितारों के साथ नजर आए। लेकिन परिवार की ये फिल्मी विरासत बेटी को नहीं मिली। रजा मुराद की बेटी उनके साथ इंस्टाग्राम पर तो दिखाई देती हैं, लेकिन फिल्मी पर्दे पर दिखाई नहीं दी। रजा मुराद की बेटी का नाम है आयशा मुराद। आयशा मुराद को आप रजा मुराद के इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरों में देख सकते हैं। रजा मुराद अक्सर अपने परिवार के साथ तस्वीरें पोस्ट करते है जिसमें वो अपनी पत्नी, बेटी और बेटे के साथ दिखाई देते हैं।



# राकेश जिम में करते हैं जी तोड़ मेहनत

**नई दिल्ली।** सिल्वर स्क्रीन पर आप एक्टर्स और एक्ट्रेसेज की फिटनेस के बड़े फैन होते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि अपना लुक मेंटेन करने के लिए इन्हें कितनी मेहनत करनी पड़ती है। ये मेहनत केवल यंगस्टर्स ही नहीं करते बल्कि सीनियर एक्टर्स भी खुद को फिट रखने के लिए और पब्लिक लाइफ में रहने के लिए खासी मेहनत करते हैं। फिलहाल राकेश रोशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में राकेश जिम में जी तोड़ मेहनत करते नजर आ रहे हैं। 74 साल के राकेश का जिम शेड्यूल देखकर उनके बेटे ऋतिक रोशन भी हैरान रह गए। ऋतिक रोशन भी रह गए हैरानऋतिक ने पापा की तारीफ करते हुए उनकी रील शेयर की और लिखा, मतलब कैसे !!! हाउ? अनबिलीवेबल पापा।

टीवी मसाला

# कपिल शर्मा के शो में देओल ब्रदर्स ने की जमकर मस्ती

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा एक बार फिर अपनी टीम के साथ वापसी कर चुके हैं। कपिल शर्मा टीवी के बाद अब ओटीटी पर कदम रख चुके हैं। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में हर हफ्ते लोगों को हंसाने के लिए नेटफ्लिक्स पर आ जाते हैं। अब आने वाले एपिसोड में देओल ब्रदर्स यानी सनी देओल और बॉबी देओल आने वाले हैं। शो का प्रोमो आ गया है जिसमें कपिल शर्मा सनी देओल और बॉबी देओल के साथ मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों ही एक्टर्स को उनकी फिल्म गदर 2 और एनिमल की सक्सेस के लिए सभी ने बधाई भी दी और देओल ब्रदर्स ने कई राज भी खोले हैं।



## कपिल ने लिए काशीपुर वाले निराला बाबा के मजे

द ग्रेट इंडियन कपिल शो का ये नया प्रोमो वीडियो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इस वीडियो में कपिल शर्मा बॉबी देओल के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं।वीडियो में देखा जा सकता है कि आश्रम के काशीपुर वाले बाबा को लेकर बॉबी देओल के साथ कपिल शर्मा ने जमकर मस्ती की। कपिल कहते हैं- 'हम समझ गए जीवन का असली सुख आश्रम में ही है'। जिसके जवाब में बॉबी कहते हैं- 'लड्डू खाने हैं तो आ जाओ मेरे पास'। इसके जवाब में कपिल कहते हैं- पाजी लड्डू खाने में किसी को कोई प्रॉब्लम नहीं है लेकिन लड्डू खाने के बाद आप जो हरकतें करते हो ना... कपिल की ये बात सुनकर सभी लोग जोर-जोर से हंसने लगते हैं।

## सनी देओल ने पापा धर्मेंद्र की बताई बात

उसके बाद सनी देओल वीडियो में बताते हैं।पापा कहते हैं आओ मेरे साथ बैठो दोस्त बनों। मैं बोलता हूं- पापा मैं आपको दोस्त बनकर बात बताऊंगा तो आप फिर पापा बन जाते हो। इस वीडियो को देखकर ही लग रहा है ये शो काफी मजेदार होने वाला है। जिसमें सुनील ग्रोवर भी बॉबी और सनी के साथ ढेर सारी मस्ती करेंगे। बता दें द ग्रेट इंडियन कपिल शो के आखिरी एपिसोड में आमिर खान आए थे। जिसमें उन्होंने अपनी फैमिली, पर्सनल लाइफ और काम को लेकर ढेर सारी बातें की। साथ ही उन्होंने फैंस को ऐसी बातें बताईं जो शायद ही पहले किसी को पता होंगी।


# अक्षय के करियर को हॉरर फिल्म से ट्रैक पर लाएंगे प्रियदर्शन!

**मुंबई।** प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की सुपरहिट जोड़ी अब 14 साल बाद फिर साथ आने वाली है। प्रियदर्शन ने अक्षय के साथ अपनी नई फिल्म अनाउंस की है और साथ ही यह भी बताया है कि वह किस सब्जेक्ट पर आधारित होगी।



प्रियदर्शन ने अक्षय कुमार के साथ 'हेरा फेरी', भागमभाग', 'भूल भुलैया' और 'गरम मसाला' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। प्रियदर्शन ने बताया कि वह अभी तक वह अपनी डॉक्यू-सीरीज पर काम कर रहे थे, जो राम मंदिर के इतिहास पर बनी है। उन्होंने कहा, 'अब जब मैंने राम मंदिर के इतिहास पर अपनी डॉक्यू-सीरीज पूरी कर ली है, तो मैं अब अक्षय के साथ अपनी सबसे महत्वपूर्ण फिल्म पर काम शुरू कर रहा हूं।

# गोवा, यूरोप व श्रीलंका समेत इन खूबसूरत जगहों पर हुई है 'कंगुवा' की शूटिंग



**नई दिल्ली।** स्टूडियो ग्रीन और सूर्या शिवकुमार द्वारा मैग्नम ओपस 'कंगुवा' के टीजर रिलीज के बाद से इसने हर जगह काफी उत्साह पैदा कर दिया है। इस शानदार टीजर में वह सब कुछ है, जो इसे हॉलीवुड प्रोडक्शन के लेवल का बनाता है: एक्सपर्टाइज, क्रिएटिव थिंकिंग, कंटेंट की ओरिजेनिलिटी, जबरदस्त बैकग्राउंड स्कोर और एक्जिक्यूशन टीजर ने देश भर में दीवानगी को बढ़ा दिया है। सभी को टीजर बहुत पसंद आ रहा है और दर्शक धमाकेदार एक्शन देखने का इंतजार कर रहे हैं।बॉबी देओल जहां इसमें खलनायक की भूमिका में हैं।वहीं सूर्या वीर योद्धा के किरदार में हैं, जिनके बीच जबरदस्त संग्राम देखने मिलने वाला है।

## एक्शन सीन्स के लिए की 60 दिन की शूटिंग

कंगुवा बेशक इस साल आने वाली सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने इसे दर्शकों के लिए ना भूलने वाला अनुभव बनाने के लिए हर तरह की मुमकिन कोशिश की है। फिल्म दो अलग-अलग समय, अतीत और वर्तमान की कहानी कहती है। इसलिए उन्होंने इसे दुनिया भर में रीयल लोकेशस पर फिल्माया है। फिल्म को खास बनाए रखने के लिए मेकर्स ने इसे गोवा, यूरोप और श्रीलंका जैसी खूबसूरत जगहों पर फिल्माया है। उन्होंने वहां 60 दिन शूटिंग की, खास तौर पर एक्शन सीन्स के लिए।350 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म के कुछ अहम हिस्से चेन्नई के पास और यहां तक कि पांडिचेरी में भी फिल्माए गए हैं. हाल ही में मेकर्स केरल और कोडईकनाल के जंगलों में सूर्या के साथ एक महत्वपूर्ण सीन को फिल्माया। पिछले अक्टूबर में, मेकर्स ने पूरी टीम के साथ बैंकॉक में तीन हफ्ते के शेड्यूल में शूटिंग की थी।

# सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर लापता लेडीज का धमाका



*नई दिल्ली। किरण राव द्वारा निर्देशित जियो स्टूडियोज और आमिर खान प्रोडक्शंस की लापता लेडीज ने अपनी थियेटर रिलीज के साथ ही लोगों का दिल जीत लिया है। दर्शकों और आलोचकों ने फिल्म की अच्छी तरह से संरचित कहानी, मनोरंजन, सामाजिक संदेश, मुख्य कलाकारों के अभिनय और निर्देशन की खूब प्रशंसा की और यह साल की सबसे पसंदीदा और सकारात्मक समीक्षा वाली फिल्मों में से एक बन गई। अपने बेहतरीन थियेटर रन के बाद इस बहुचर्चित फिल्म को डिजिटल रिलीज पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।*

*दर्शकों ने पूरे सोशल मीडिया पर फिल्म के लिए प्यार की बाढ़ ला दी और वे इसकी खूब प्रशंसा कर रहे हैं। हर तरफ से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने फिल्म को सोशल मीडिया पर 'टॉप 10' ट्रेंडिंग इंडियन मूवीज की सूची में नंबर 1 स्थान दिलाने में मदद की। डिजिटल रिलीज के बावजूद, फिल्म अभी भी कई सिनेमाघरों में चल रही है और शानदार गति बनाए हुए है।*

*दर्शकों की ओर से आने वाली हर प्रतिक्रिया से यह साफ पता चलता है कि किरण राव और उनकी बेहतरीन कहानी और निर्देशन ने सभी के दिमाग पर क्या असर छोड़ा है। आमिर खान प्रोडक्शंस की इस फिल्म ने दर्शकों को अपनी असीमित हंसी से बांधे रखा है। फिल्म में कॉमेडी और मनोरंजन का तड़का तो है ही, साथ ही यह देश की महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी प्रकाश डालती है।*

*, 'लापता लेडीज' किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है और इसकी पटकथा अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। कहानी और संवाद स्नेहा देसाई द्वारा लिखे गए हैं, जबकि अन्य डायलॉग दिव्यनिधि शर्मा द्वारा लिखे गए हैं।*

## 'मंगल लक्ष्मी' और 'कुंडली भाग्य' सीरियल 8वें और 9वें नंबर पर

# 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पहुंचा आखिरी पायदान पर

*मुंबई। टीवी टीआरपी की लिस्ट दर्शकों की पसंद और नापसंद पर निर्भर करती है। इन दिनों 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सितारे गर्दिश में हैं। ये सीरियल लुढ़ककर सबसे नीचे पहुंच गया है। 'उड़ने की आशा' ने टॉप 5 में अपनी जगह बना ली है। जैसे फिल्मों के लिए बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट तय करती है कि फिल्म हिट हुई या फ्लॉप, उसी तरह ब्रॉडकास्टिंग ऑडियंस रिसर्च काउंकिल की तरफ से टीवी सीरियल्स के लिए हर हफ्ते एक रिपोर्ट जारी होती है, ये बताती है कि कौन-सा सीरियल राज कर रहा है और किसे दर्शकों ने सिरे से नकार दिया है यानी नापसंद कर दिया है। 16वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट आ चुकी है और ये 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के फैंस के लिए बुरी खबर लेकर आई है। लेटेस्ट टीआरपी रिपोर्ट के मुताबिक, 'उड़ने की आशा' सीरियल ने टॉप 5 में अपनी एंट्री कर ली है। दूसरी तरफ रुपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' हर बार की तरह इस बार भी टॉप पर अपनी जगह बनाए हुए है।*

## अनुपमा ने इस हफ्ते मारी बाजी



अनुपमा सीरियल 2.4 रेटिंग के साथ टीआरपी लिस्ट में टॉप पर है। दर्शकों को शो का नया ट्रैक पसंद आ रहा है। वहीं, हिबा और कुशाल अहूजा के 'झनक' ने दूसरे नंबर पर अपना कब्जा जमा लिया है। इस शो को 2.2 रेटिंग मिली है।'ये रिश्ता क्या कहलाता है' सीरियल ने इस बार सरप्राइज दिया है। 1.9 की रेटिंग के साथ समृद्धि शुक्ला औ रोहित पुरोहित के शो को तीसरा स्थान मिला है।

## 'गुम है किसी के प्यार में' एक नंबर लुढ़का

शक्ति अरोड़ा स्टारर 'गुम है किसीके प्यार में' सीरियल टॉप 3 से लुढ़ककर अब चौथे नंबर पर खिसक गया है। इसकी रेटिंग 1.9 है। कंवर ढिल्लन और नेहा हरसोना के 'उड़ने की आशा' ने भी उड़ान भरी है। इसने 1.5 की रेटिंग के साथ टॉप 5 में जगह बना ली है।




## 'तारक मेहता...' को लगा झटका

कलर्स टीवी के माइथोलॉजिकल सीरियल 'शिवशक्ति' को नंबर 6 और साईं निकेतन-अद्रिजा रॉय स्टारर 'इमली' को सातवां स्थान हासिल हुआ है। 'मंगल लक्ष्मी' और 'कुंडली भाग्य' सीरियल 8वें और 9वें नंबर पर है। दिलीप जोशी के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को झटका लगा है। ये लुढ़ककर 10वें नंबर पर पहुंच गया है।



29 APRIL- BSP- p-6_Layout 1 4/29/2024 11:54 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### सड़क पर मवेशी, नहीं हो रही कार्रवाई



**बिलासपुर।** शहर की कई सड़कों को मवेशी मुक्त घोषित कर दिया गया है लेकिन आवारा मवेशी इन सड़कों पर दिखाई दे रहे हैं। महीनों से मवेशियों की धरपकड़ भी बंद है ऐसे में सड़कों पर बैठे इन मवेशियों के कारण कई बार जाम लग जाता है और वाहन चालक दुर्घटना के शिकार होते हैं। खास बात ये है कि सड़कों पर मवेशी छोड़ने वालों पर भी कार्रवाई करने का नियम है लेकिन निगम के अधिकारी अबतक किसी भी मवेशी के मालिक पर कार्रवाई नहीं की है।

### खुले ट्रांसफार्मर हादसों को दे रहे निमंत्रण



**बिलासपुर।** सड़क के किनारे लगे खुले ट्रांसफार्मर के बक्से दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे हैं। बिजली विभाग द्वारा मेंटनेंस के दौरान इन जक्शंन बाक्स पर पैनल लगाया जाता है लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा इन पैनल्स को चोरी कर लिया जाता है। ऐसे में ये ट्रांसफार्मर पुनः खुले में पड़े हैं। खास बात यह है कि इन जक्शंन बाक्स के पास ही ठेले और गुमटी लगते है।

मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल, पिटाई करते साफ दिख रहा आरोपी

# पटवारी के बेटे को लाठी से पीटा, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात मैग्नेटो मॉल के पास घूमने गए बाइक सवार पटवारी के बेटे की दूसरे युवक ने लाठी से बेरहमीपूर्वक पिटाई कर दी, मारपीट से उसके सिर में गंभीर चोट आई है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तिफरा बाबजी नगर मकान नम्बर सी 48 निवासी पटवारी प्रमोद सिंह टण्डन का बेटा अंकुर सिंह टण्डन सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। 28 अप्रैल को घूमने के लिए वे श्रीकांत वर्मा मार्ग गए थे। रात 9.30 बजे वे मैग्नेटो मॉल के पास बाइक लेकर खड़े हुए थे। इसी दौरान विनोबा नगर निवासी श्रेयांश उर्फ कण्डा आया और पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए सरेराह लाठी से बेरहमीपूर्वक मारपीट करने लगा। लाठी से पिटाई करने पर वे बाइक लेकर भागे तो श्रीयांश उर्फ कण्डा दौड़ाकर लाठी से पीट रहा था। लाठी के हमले से उनके सिर में गंभीर चोट आई। सरेराह युवक से मारपीट करने पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने मारपीट करने का मोबाइल में वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है। पुलिस ने अंकुर सिंह की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



श्रीकांत वर्मा मार्ग पर पटवारी के बेटे को पिटता युवक।

### पूर्व में भी घर में घुसकर की थी मारपीट

सूत्रों के मुताबिक दोनों युवकों के बीच लगातार विवाद चल रहा है। पूर्व में श्रेयांश उर्फ कण्डा ने तिफरा में घर के अंदर घुसकर अंकुर के साथ मारपीट की थी। सिरगिट्टी थाने में उसके खिलाफ मामला दर्ज है।

### देर रात तक युवकों का रहता है जमावड़ा

मैग्नेटो मॉल के पास शाम से देर रात तक युवाओं का जमावड़ा लगा रहता है। पूर्व में सीएसपी उमेश गुप्ता की पहल पर देर रात तक भीड़ लगने से चौक के पास स्थित ठाकुर पान दुकान को नगर निगम के द्वारा सील कर दिया गया था। इसके पहले भी चौक में मस्तूरी क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों के दो गुटों के बीच विवाद हुआ था। सिविल लाइन व तारबाहर पुलिस चौक गुट बनाकर खड़े होने वाले युवाओं को रोक नहीं पा रही है।

## स्कूटी व कार में टक्कर, ठेकेदार से मारपीट, हमलावरों पर जुर्म दर्ज

स्कूटी को टक्कर लगने से कार सवार ठेकेदार के साथ युवकों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, विद्यानगर शिव मंदिर के पीछे रहने वाले ठेकेदार जतिन मिश्रा पिता राकेश मिश्रा 27 अप्रैल की रात 10.30 बजे अपने टाटा सफारी क्रमांक सीजी 22, 8600 से पुराना हाईकोर्ट तरफ से अपने घर जा रहे थे। शिव टाकीज चौक के पास उनकी कार से स्कूटी को टक्कर लग गई। इस पर चौक में खड़े युवकों ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से जमकर मारपीट कर दी। उन्होंने पतासाजी की तो हमलावरों के नाम आयुष खटीक, मनीष व अन्य है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## चाकू लहराकर लोगों को डरा रहा था बदमाश, गिरफ्तार

पुलिस ने चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डराते धमकाने एक बदमाश युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि तालापारा में एक युवक चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर तालापारा निवासी इमरान खान पिता स्व. मुमताज खान 25 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स के एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## संवेदनहीनताः सिविल लाइन थाना के सामने घंटों अचेत पड़ी रही महिला, किसी ने नहीं की मदद



**बिलासपुर।** संवेदनहीनता की ये तस्वीर सिविल लाइन थाना के सामने की है। सोमवार की शाम यहां एक महिला अचेत अवस्था में घंटों पड़ी रही। सड़क के बीच डिवाइडर पर पड़ी महिला को लोग देखते रहे। न कोई सामाजिक संस्था इसकी मदद के लिए आगे आई और न ही किसी पुलिसवाले ने सहायता की।

## जमीन सीमांकन के लिए फिर बनी 11 सदस्यीय टीम

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के आदेश पर मंगलवार को मिनोचा कालोनी के सामने दोमंजिला भवन वाली जमीन का पुनः सीमांकन होगा। इसके लिए बिलासपुर तहसीलदार द्वारा राजस्व विभाग व नगर निगम के 11 सदस्यीय टीम बनाई गई है। वहीं जमीन से लगे हुए निजी जमीन के भू-स्वामियों को भी सीमांकन दौरान उपस्थित रहने नोटिस जारी किया गया है। हाईकोर्ट द्वारा धारा 129 छग भू राजस्व संहिता 1959 के नियमों तथा उदघृत निर्णयों को ध्यान में रखते हुए सीमांकन किए जाने निर्देश दिया है। इस आदेश के परिपालन में भूमि के सीमांकन, स्थल जांच के लिए पटवारियों एवं राजस्व निरीक्षकों और नगर निगम की संयुक्त टीम बनाई गई है। सीमांकन 30 अप्रैल के भीतर स्थल जांच कर पंचानामा, नजरी नक्शा, फील्ड बुक एवं राजस्व अभिलेख की प्रतिलिपि सहित प्रतिवेदन देने कहा गया है।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## छात्र के रूम से लैपटाप चोरी, 28 दिन बाद लिखी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी क्षेत्र में चोर गिरोह बाहर से आकर पढ़ाई करने वाले छात्रों के रूम से लैपटाप, मोबाइल चोरी कर रहा है। एक बार फिर चोरों ने एक छात्र के रूम से लैपटाप चोरी कर लिया है। छात्र रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने का चक्कर लगाता रहा। आखिरकार 28 दिन बाद चोरी की रिपोर्ट लिखी गई है।

■ चार महीने में कई छात्रों के रुम से लैपटाप मोबाइल चोरी

कोनी पुलिस के अनुसार, शिवरीनारायण सलखन निवासी मुकेश कुमार साहू पिता हरिशंकर साहू एक अन्य पार्टनर मोहित कुमार के साथ रिवर व्यू कालोनी निवासी दीपक कौशिक के मकान में किराए से रहकर गुरूघासीदास विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे हैं। 1 अप्रैल को सुबह 4 बजे उनका दोस्त मोहित गांव से आया और दरवाजा बिना बंद करे सो गया। सुबह 8 बजे मुकेश सोकर उठे तो उनका लैपटाप व घड़ी चोरी हो गया था। पीड़ित छात्र रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने का चक्कर लगा रहा था। आखिरकार 28 दिन बाद 29 अप्रैल को छात्र की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### लैपटाप चोरों का आतंक

रिवर व्यू कालोनी में बड़ी संख्या में पढ़ाई करने वाले छात्र किराए के मकान में रह रहे हैं। छात्र रात भर पढाई करने के बाद तड़के सोते हैं। इसी समय का फायदा उठाकर चोर गिरोह छात्रों के रूम में धावा बोलकर लैपटाप, मोबाइक चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। बीते चार माह में आधा दर्जन छात्रों के रूम से लैपटाप व मोबाइल चोरी हो गया है।

## शराबी पति ने पत्नी पर ब्लेड से किया जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** शराबी पति ने पत्नी पर ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावर पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, अमेरी आवासपारा निवासी रीत मरकाम ने वर्ष 2020 में अपने पति अभिजीत साधु से प्रेम विवाह किया था। घर की आर्थिक स्थिति खराब होने से वह विक्की पासवान के घर में उनके बच्चे की देखरेख करने की काम करती है। पिछले तीन माह से उसका पति शराब पीकर हमेशा मारपीट करता था। 27 अप्रैल की शाम 7.30 बजे वह काम करने के बाद वापस घर आई तो शराब के नशे में उसका पति अभिजीत गाली गलौज करते हुए थर्माकोल काटने के ब्लेड से सीने पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर पति के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

